www.bharatsamvad.live
R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

मौसम
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

बाजार
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live

2 टैरिफ के मामले में क्या भारत भी ट्रंप को चीन-ब्राजील जैसा जवाब दे सकता है?
रास्ते के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट 04

वर्ष :09 | अंक :42 | मुंबई , शनिवार , 02 अगस्त 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2:00 रुपए

## संक्षिप्त समाचार

### ईडी ने अमेरिकी नागरिकों को ठग रहे फर्जी कॉल सेंटर के खिलाफ छापे मारे

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने उस फर्जी कॉल सेंटर के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत दिल्ली में छापे मारे, जिस पर नकली सॉफ्टवेयर की बिक्री का झांसा देकर अमेरिकी नागरिकों से धोखाधड़ी करने का आरोप है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बृहस्पतिवार रात करीब साढ़े 10 बजे खानपुर में तीन परिसरों पर छापे मारे गए और तलाशी अभी जारी है। यह कार्रवाई धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के अनुसार की जा रही है। सूत्रों ने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि कुछ लोग एक कॉल सेंटर संचालित कर रहे थे, जो माइक्रोसॉफ्ट विंडोज जैसे असली सॉफ्टवेयर के नाम पर नकली सॉफ्टवेयर बेचकर अमेरिका जैसे देशों में नागरिकों को ठग रहे थे। जांच एजेंसी को संदेह है कि पिछले कुछ वर्षों (2016-17 से 2024-25) के दौरान विदेशी धन प्रेषण के रूप में 100 करोड़ रुपये की धनराशि प्राप्त हुई है।

### मणिपुर में चार उग्रवादी गिरफ्तार

मणिपुर के विभिन्न हिस्सों से सुरक्षा बलों ने चार उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए लोगों में प्रतिबंधित संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (नोंगड्रेनखोम्बा) का स्वयंभू सेना प्रमुख मोइरंगथेम बिरमानी मेइती भी शामिल है। उन्होंने बताया कि उसे बृहस्पतिवार को बिष्णुपुर जिले के फुबाला पट्टन से गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को थौबल जिले के सलुंगफाम बाजार क्षेत्र से कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया, जिनकी पहचान केइशम विल्सन सिंह (18) और थोकचोम सनाथोई मेइती (22) के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि इन पर छोटे व्यवसायों से वसूली करने का आरोप है। अधिकारियों ने बताया कि गिरफ्तार किए गए कांगलेई यावोल कन्ना लूप (केवाईकेएल) के दो सदस्यों के पास से 9एमएम की एक पिस्तौल, एक मैगजीन और 9एमएम के तीन कारतूस बरामद किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इंफाल पूर्व जिले के खुरई चैरेनथोंग से बृहस्पतिवार को पीपुल्स रिवोल्यूशनरी पार्टी ऑफ कांगलीपाक (प्रो) के एक सक्रिय कार्यकर्ता को गिरफ्तार किया गया, जिसकी पहचान तेलेम नाओबा सिंह (29) के रूप में हुई है। इस बीच, चुराचांदपुर जिले के गेलजंग के पास एक अभियान के दौरान सुरक्षा बलों ने एक मैगजीन सहित एक एके राइफल और दो हथियार बरामद किए।

# चुनाव अधिकारी वोटों की चोरी कर रहे हम छोड़ेंगे नहीं, चाहे वे रिटायर हो जाएं :राहुल गांधी

## चुनाव आयोग बोला- अफसर ऐसी धमकियों पर ध्यान न दें

**साधा निशाना**

राहुल ने कहा था कि हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की - वहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी मिली, जल्द जनता के सामने लाएंगे।

**बिहार वोटर वेरिफिकेशन पर राहुल सहित पूरा विपक्ष हमलावर**

बिहार वोटर वेरिफिकेशन को लेकर राहुल सहित पूरा विपक्ष इलेक्शन कमीशन की आलोचना कर रहा है। संसद के बाहर और अंदर विपक्ष विरोध प्रदर्शन कर रहा है। इस बीच बिहार में चुनाव आयोग की ओर से आज यानी शुक्रवार को वोटर लिस्ट का नया ड्राफ्ट पॉलिटिकल पार्टी को जारी किया गया है।



एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस सांसद और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में एसआईआर अभ्यास को लेकर फिर से चुनाव आयोग पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि हमारे पास स्पष्ट सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी में शामिल है। उन्होंने कहा कि सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि चुनाव आयोग में जो भी इस अभ्यास में शामिल है, ऊपर से नीचे तक, हम आपको नहीं छोड़ेंगे। आप भारत के खिलाफ काम कर रहे हैं और यह देशद्रोह से कम नहीं है। आप जहां कहीं भी हों, भले ही आप सेवानिवृत्त हों, हम आपको ढूंढ लेंगे। इससे पहले राहुल ने कहा था कि हिंदुस्तान में इलेक्शन चोरी किए जा रहे हैं, ये सच्चाई है! महाराष्ट्र में कैसे मैच फिक्सिंग हुई, हमने सबको दिखाया। कर्नाटक की एक लोकसभा सीट की जांच की - वहां बड़े पैमाने पर वोट चोरी मिली, जल्द जनता के सामने लाएंगे। उन्होंने कहा था कि बिहार में एसआईआर के नाम पर एससी एसटी ओबीसी और अल्पसंख्यक भाइयों-बहनों के वोट चुराए जा रहे हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे। गठबंधन जन अधिकार की लड़ाई संसद से सड़क तक लड़ेगा। शुक्रवार को लोकसभा की कार्यवाही हंगामे के साथ शुरू हुई क्योंकि विपक्ष ने बिहार में विधानसभा चुनाव से पहले मतदाता सूचियों के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।

**बिहार** में वोटर लिस्ट पुनरीक्षण के पहले चरण के आंकड़े चुनाव आयोग के बिहार में वोटर लिस्ट रिवीजन के पहले चरण के आंकड़े के अनुसार, कुल मतदाताओं की संख्या घटकर 7.24 करोड़ रह गई है, जबकि पहले यह आंकड़ा 7.89 करोड़ था। यानी करीब 65 लाख मतदाताओं के सूची से हटाए गए हैं।

**ऊलजलूल आरोप और धमकियों पर उतर आये हैं राहुल गांधी, चुनाव आयोग ने किया पलटवार**

नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने मतदाता सूचियों में गड़बड़ी को लेकर कांग्रेस के नेता राहुल गांधी के बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए शुक्रवार को कहा कि वह ऊलजलूल आरोप लगा रहे हैं और आयोग तथा उसके कर्मियों को डराने-धमकाने पर उतर आये हैं। आयोग ने कहा है कि वह रोज रोज लगाए जा रहे ऐसे बेबुनियाद आरोपों को नजरअंदाज करता है तथा धमकियों के बावजूद अपने सभी सभी चुनावकर्मियों से ऐसे बयानों पर ध्यान न देने तथा अपना काम निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से करते रहने के लिए कहता है। उल्लेखनीय है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बिहार में मतदाता सूचियों के पुनरीक्षण अभियान के विरोध में कुछ विपक्षी दलों के अभियान के बीच आज कहा कि चुनाव आयोग वोटों की चोरी करा रहा है। उन्होंने कहा, हमारे पास सबूत हैं कि चुनाव आयोग वोट चोरी करवा रहा है। मैं शत-प्रतिशत सबूतों के साथ ये बात कह रहा हूं। हम जैसे ही ये सबूत सबके सामने रखेंगे, पूरे देश को पता चल जाएगा कि चुनाव आयोग वोट चोरी करा रहा है। राहुल गांधी ने कहा, चुनाव आयोग में जो भी वोट चुराने का काम कर रहे हैं, उन्हें हम छोड़ेंगे नहीं।

# पुणे के दौंड में आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव: धार्मिक स्थल पर पथराव, गाड़ियों को आग लगाई

## शिवाजी महाराज के अपमान के विरोध में प्रदर्शन हो रहा था

पुलिस का कहना है कि एक हफ़्ते पहले गाँव में एक घटना घटी थी, इसलिए यहाँ पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढाँचे में तोड़फोड़ करने की कोशिश की।



एजेंसी

पुणे की दौंड तहसील के यवत इलाके में सोशल मीडिया पर एक युवक द्वारा आपत्तिजनक पोस्ट के बाद तनाव बढ़ गया है। सड़कों पर कई वाहनों में आग लगा दी गई है। युवाओं की भीड़ ने एक एक ढाँचे पर पथराव किया है। बढ़ते तनाव को देखते हुए यवत में साप्ताहिक बाजार बंद कर दिया गया है। पुलिस का कहना है कि एक हफ़्ते पहले गाँव में एक घटना घटी थी, इसलिए यहाँ पहले से ही तनावपूर्ण स्थिति थी। ग्रामीण सड़कों पर उतर आए और कुछ युवकों ने एक ढाँचे में तोड़फोड़ करने की कोशिश की। पुणे जिले के दौंड तालुका के यावत गांव में भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस का भी पूरे मामले पर बयान आया है। उन्होंने कहा कि मुझे अभी मामले की जानकारी मिली है। इसके अनुसार, किसी बाहरी व्यक्ति ने आपत्तिजनक स्टेटस पोस्ट किया था, जिससे तनाव पैदा हुआ। लोग सड़कों पर उतर आए और भीड़ को नियंत्रित करने के लिए लाठीचार्ज करना पड़ा। स्थिति अब नियंत्रण में है। दोनों समुदायों के लोग एक साथ बैठकर बातचीत कर रहे हैं और तनाव कम करने की कोशिश कर रहे हैं। फडणवीस ने कहा कि कुछ लोग जानबूझकर तनाव पैदा करने के लिए ऐसे स्टेटस पोस्ट करते हैं, लेकिन उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई जरूर की जाएगी। क्या सिर्फ.इसलिए कि कोई सभा या कार्यक्रम हुआ था, इससे किसी को भी ऐसे भड़काऊ स्टेटस पोस्ट करने की आजादी मिल जाती है?

**मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा**

फि लहाल, इलाका पूरी तरह से शांतिपूर्ण है। हमें यह भी सत्यापित करना होगा कि वीडियो क्लिप उसी जगह की है या कहीं और की। ऐसे कई मामलों में, छेड़छाड़ किए गए वीडियो भी सामने आते हैं। इसलिए, उस पहलू की भी जाँच होनी चाहिए। हमारी एक ही अपील है: सभी शांति बनाए रखें और कोई भी कानून को अपने हाथ में न ले। अगर कोई ऐसा करता है, तो पुलिस उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी।

# 9 सितंबर को होगा उपराष्ट्रपति पद का चुनाव, 21 अगस्त तक नामांकन...नोटिफिकेशन जारी

**यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफा देने के कारण आवश्यक हो गया है. इसको लेकर चुनाव आयोग ने नोटिफिकेशन जारी किया है.**

दोनों सदनों की प्रभावी सदस्य संख्या 782 है और जीतने वाले उम्मीदवार को 391 मतों की आवश्यकता होगी, बशर्ते सभी पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें. लोकसभा में, भाजपा के नेतृत्व वाले राजग को 542 सदस्यों में से 293 का समर्थन प्राप्त है. सत्तारूढ़ गठबंधन को राज्यसभा में 129 सदस्यों (प्रभावी सदस्य संख्या 240) का समर्थन प्राप्त है, बशर्ते कि मनोनीत सदस्य राजग उम्मीदवार के समर्थन में मतदान करें.





एजेंसी

नई दिल्ली: निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति के चुनाव की तारीखों की घोषणा कर दी है. जारी नोटिफिकेशन के अनुसार, चुनाव के लिए जरूरत पड़ने पर वोटिंग 9 सितंबर को होगी और इसी दिन रिजल्ट भी जारी कर दिया जाएगा. 21 अगस्त तक उपराष्ट्रपति के पद के लिए नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे. उम्मीदवारों के नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 25 अगस्त निर्धारित की गई है. यह चुनाव जगदीप धनखड़ के पद से इस्तीफा देने के कारण आवश्यक हो गया है. निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दिया बता दें कि, इससे पहले भारत निर्वाचन आयोग ने उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल को अंतिम रूप दे दिया था. भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं.

# जनता ने अवसर दिया है, नारेबाजी और तख्तियों से मत गंवाओ

## मानसून सत्र: विपक्षी सांसदों को बिरला की नसीहत

बैठक स्थगित करने की घोषणा से पहले अध्यक्ष बिरला ने नारेबाजी कर रहे सदस्यों से आग्रह किया, सदन की गरिमा को बनाकर रखिए। प्रश्नकाल बहुत महत्वपूर्ण समय होता है। आप नारेबाजी और तख्तियों से अन्य सदस्यों का अधिकार नहीं छीन सकते। यह गलत तरीका, गलत आचरण और गलत व्यवहार है।



एजेंसी

नई दिल्ली। संसद के मानसून सत्र की शुरूआत से ही बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के मुद्दे पर लोकसभा में हंगामा कर रहे विपक्षी दलों के सदस्यों को नसीहत देते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शुक्रवार को कहा कि जनता ने आपको इतना बड़ा अवसर दिया है, इसे नारेबाजी करके और तख्तियां दिखाकर मत गंवाइए। मानसून सत्र की शुरूआत 21 जुलाई को हुई थी और आज सदन की कार्यवाही का 10वां दिन है। सदन में इस दौरान केवल दो दिन, मंगलवार और बुधवार को प्रश्नकाल निर्बाध तरीके से पूरा चला। सदन में ऑपरेशन सिंदूर पर विशेष चर्चा और मणिपुर में राष्ट्रपति शासन बढ़ाने संबंधी सांविधिक संकल्प को मंजूरी के अलावा अन्य कोई महत्वपूर्ण विधायी कामकाज नहीं हो सका। शुक्रवार को भी कार्यवाही शुरू होते ही विपक्षी सांसद एसआईआर के मुद्दे पर नारेबाजी करने लगे। वे सदन में इस विषय पर चर्चा की मांग कर रहे हैं। उनके हंगामे के कारण बैठक कुछ ही मिनट में दोपहर दो बजे तक स्थगित कर दी गई और प्रश्नकाल नहीं चल सका। उन्होंने कहा, आप नारेबाजी करके, तख्तियां लहरा कर जनता की अभिव्यक्ति नहीं कर रहे। जनता ने आपको जो इतना बड़ा अवसर दिया है, उसे नारेबाजी और तख्तियों से मत गंवाओ। बिरला ने कुछ नेताओं की ओर इशारा करते हुए कहा कि इतने वरिष्ठ सदस्य होने के नाते यह तरीका उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर लोकतंत्र को मजबूत करना है तो सदस्यों को प्रश्न उठाने देने होंगे जिस पर सरकार की जवाबदेही तय होगी। बिरला ने प्रदर्शन कर रहे सांसदों से कहा, मेरा रोज आपसे आग्रह रहता है।

# रेप केस में प्रज्वल रेवन्ना दोषी करार, दुष्कर्म के मामले में कोर्ट का फैसला

**आज सुनाएगी सजा**

बेंगलुरु स्थित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने 18 जुलाई को बलात्कार मामले की सुनवाई पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। सजा का ऐलान शनिवार, 2 अगस्त को होगा



एजेंसी

बेंगलुरु की एक विशेष अदालत ने शुक्रवार को पूर्व सांसद प्रज्वल रेवन्ना को यौन शोषण और बलात्कार के मामले में दोषी ठहराया। पूर्व जेडी(एस) नेता को कर्नाटक के हासन जिले के होलेनरसिपुरा ग्रामीण पुलिस स्टेशन में उनके खिलाफ दर्ज पहले बलात्कार मामले में दोषी ठहराया गया। बेंगलुरु स्थित जनप्रतिनिधियों की विशेष अदालत ने 18 जुलाई को बलात्कार मामले की सुनवाई पूरी कर ली थी और अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# संस्कृत को भारत में घर-घर तक पहुंचाने, संचार का माध्यम बनाने की आवश्यकता : आरएसएस प्रमुख भागवत

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार (1 अगस्त, 2025) को कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं का मूल है और इसे संचार का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। संस्कृत को घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है।

## कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक भवन के उद्घाटन समारोह



एजेंसी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने शुक्रवार (1 अगस्त, 2025) को कहा कि संस्कृत सभी भारतीय भाषाओं का मूल है और इसे संचार का माध्यम बनाने की आवश्यकता है। संस्कृत को घर-घर तक पहुंचाने की आवश्यकता है। उन्होंने संस्कृत के संरक्षण और प्रचार-प्रसार की वकालत की और कहा कि यह ऐसी है जो हमारी भावनाओं (भाव) को विकसित करती है। उन्होंने कहा कि सभी को इस प्राचीन को जानना चाहिए। नागपुर में कवि कुलगुरु कालीदास संस्कृत विश्वविद्यालय में एक भवन के उद्घाटन समारोह में भागवत ने कहा कि संस्कृत को समझने और उसमें संवाद करने की क्षमता रखने में अंतर होता है। उन्होंने कहा कि संस्कृत विश्वविद्यालय को सरकारी संरक्षण मिलेगा, लेकिन जनता का संरक्षण मिलना भी जरूरी है। संस्कृत भारत की सभी भाषाओं की जननी है भागवत ने कहा कि संस्कृत भारत की सभी भाषाओं की जननी है ।

# उमर अब्दुल्ला ने विपक्षी एकता की जगह राष्ट्रीय एकता को दी तवज्जो

**पीएम मोदी ने बांधे प्रशंसा के पुल**

गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री और नेशनल कॉन्फ्रेंस के वरिष्ठ नेता उमर अब्दुल्ला ने केवड़िया जाकर स्टैच्यू ऑफ यूनिटी का अवलोकन किया। यह दौरा कई मायनों में महत्वपूर्ण है क्योंकि यह पहली बार हुआ है जब किसी प्रमुख विपक्षी नेता ने इस स्मारक का दौरा किया है।



एजेंसी

गुजरात के केवड़िया में स्थित विश्व की सबसे ऊंची प्रतिमा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी न केवल एक स्थापत्य चमत्कार है बल्कि राष्ट्रीय एकता और सरदार वल्लभभाई पटेल के योगदान का प्रतीक भी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री रहते हुए इस परियोजना की नींव रखी थी और 31 अक्तूबर 2018 को इसका उद्घाटन किया था। तब से यह स्थल न केवल पर्यटन का केंद्र बना है बल्कि राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक भी बन चुका है।

## भड़के पूछा- आपने राज्य के लिए किया क्या है?

# राहुल के बिहार दौरे को लेकर भड़के प्रशांत किशोर

एजेंसी



नयी दिल्ली। बिहार के चुनावी दंगल में जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर अपनी पूरी ताकत लगा रहे है। वह लगातार अपने विरोधियों पर निशाना साध रहे हैं। इस बीच प्रशांत किशोर ने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी की आगामी यात्रा राजनीति से प्रेरित है और इसका उद्देश्य केवल वोट हासिल करना है। किशोर ने मुजफ्फरपुर के सरैया प्रखंड स्थित जगत सिंह हाई स्कूल मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए पूछा कि जब बेरोजगार युवा दर-दर भटक रहे थे, तब राहुल गांधी कहाँ थे? जब कोविड के दौरान प्रवासी मजदूर पैदल घर लौट रहे थे? उन्होंने बिहार की शिक्षा, रोजगार और विकास के लिए क्या किया? किशोर ने यह भी आरोप लगाया कि बिहार मजदूरों की फैक्ट्री बन गया है। उन्होंने कहा कि ये लोग पिछले 40-45 सालों से राज कर रहे हैं... लोग अब इनके जाल में नहीं फँसने वाले। किशोर ने उप-मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी पर भी पलटवार किया, जिन्होंने हाल ही में उन्हें नौसिखिया नेता कहा था। जन सुराज के संस्थापक ने कहा कि मैं सहमत हूँ—मैं एक नया नेता हूँ। मुझे उनके जैसा भ्रष्टाचार और जबरन वसूली का अनुभव नहीं है। हम एक अलग तरह की राजनीति करने की कोशिश कर रहे हैं। खबरों के मुताबिक, चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के विरोध में एक व्यापक योजना के तहत, गांधी चुनावी राज्य बिहार में एक सप्ताह लंबी पदयात्रा का नेतृत्व करने वाले हैं। एक रिपोर्ट में कहा गया है कि गांधी के साथ राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेजस्वी यादव भी होंगे और प्रस्तावित पदयात्रा का समापन पटना में एक बड़ी रैली के साथ होगा। कांग्रेस के एक अंदरूनी सूत्र ने एचटी को बताया, यात्रा 9 अगस्त से शुरू हो सकती है, हालाँकि इसकी घोषणा अभी बाकी है। मार्ग को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बीच, आगामी विधानसभा चुनावों से पहले एक महीने तक चलने वाली एसआईआर प्रक्रिया पूरी होने के बाद, चुनाव आयोग (ईसी) शुक्रवार को बिहार के लिए मतदाता सूची का मसौदा प्रकाशित करने के लिए पूरी तरह तैयार है।

वहीं, एसआईआर पर प्रशांत किशोर ने कहा कि हम पहले दिन से ही इसके खिलाफ हैं। हम कहते आ रहे हैं कि चुनाव आयोग ने समाज के उन लोगों के नाम हटाने की कोशिश की है जो सत्ताधारी दल के खिलाफ हैं, जो प्रवासी मजदूर हैं, जो गरीब हैं, जो व्यवस्था से नाखुश हैं।

किशोर ने मुजफ्फरपुर के सरैया प्रखंड स्थित जगत सिंह हाई स्कूल मैदान में एक सभा को संबोधित करते हुए पूछा कि जब बेरोजगार युवा दर-दर भटक रहे थे, तब राहुल गांधी कहाँ थे? जब कोविड के दौरान प्रवासी मजदूर पैदल घर लौट रहे थे? उन्होंने बिहार की शिक्षा, रोजगार और विकास के लिए क्या किया?

# आंध्र के कडप्पा में पेंशन वितरण समारोह में शामिल होने ऑटोरिक्शा से पहुंचे मुख्यमंत्री नायडू



एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू शुक्रवार को मासिक कल्याणकारी पेंशन वितरित करने के लिए यहां आयोजित एक जनसभा में ऑटोरिक्शा से पहुंचे। मुख्यमंत्री कडप्पा के गुडेम चेरुवु गांव में आयोजित एनटीआर भरोसा पेंशन वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। सरकारी वेबसाइट के अनुसार, यह योजना एक कल्याणकारी उपाय है जिसका उद्देश्य समाज के गरीब और कमजोर वर्गों - विशेष रूप से बुजुर्गों, अशक्तों, विधवाओं और दिव्यांग व्यक्तियों - की कठिनाइयों को कम करके उन्हें सम्मानजनक जीवन जीने में मदद करना है। एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नायडू हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक ऑटोरिक्शा में सवार होकर आए। इसमें कहा गया है, मुख्यमंत्री नायडू अनोखे अंदाज में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

तिपहिया वाहन के पीछे की सीट पर बैठकर यात्रा पूरी करने के बाद, नायडू कुछ देर के लिए चालक के बगल में बैठे और तस्वीरें खिंचवाईं। बाद में उन्होंने किराये का भुगतान नकद राशि देकर किया, ऑटोरिक्शा चालक को आशीर्वाद दिया और जनसभा के लिए रवाना हो गए।

एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, नायडू हेलीपैड से कार्यक्रम स्थल तक ऑटोरिक्शा में सवार होकर आए। इसमें कहा गया है, मुख्यमंत्री नायडू अनोखे अंदाज में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचे।

# मुंबई-कोलकाता इंडिगो की फ्लाइट में शख्स ने 'घबराए हुए' यात्री को मारा थप्पड़, बाकी पैसेंजर्स ने क्या कहा?

**मुंबई-कोलकाता की इंडिगो की एक फ्लाइट में शुक्रवार को एक अप्रिय घटना हुई। एक यात्री को पैनिक अटैक आया। तभी एक सह-यात्री ने उसे थप्पड़ मार दिया। एयरलाइन ने हमला करने वाले यात्री को सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया है। एयरलाइन अब 'अनियंत्रित यात्री नियमों' के तहत कार्रवाई शुरू करेगी।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मुंबई-कोलकाता की इंडिगो की एक फ्लाइट में शुक्रवार को एक अप्रिय घटना हुई। एक यात्री को पैनिक अटैक आया। तभी एक सह-यात्री ने उसे थप्पड़ मार दिया। एयरलाइन ने हमला करने वाले यात्री को सुरक्षा एजेंसियों को सौंप दिया है। एयरलाइन अब 'अनियंत्रित यात्री नियमों' के तहत कार्रवाई शुरू करेगी। इसके चलते उस यात्री को कुछ समय के लिए नो-फ्लाई लिस्ट में डाला जा सकता है। क्या हुआ ?दरअसल यह घटना तब हुई जब विमान मुंबई में उड़ान भरने जा रहा था। पीड़ित यात्री को घबराहट होने लगी। वह रोने लगा और गलियारे में चलने लगा। वह विमान से उतरने की अनुमति मांगने लगा। सोशल मीडिया पर वायरल हुए वीडियो में दिख रहा है कि तभी एक यात्री ने उसे थप्पड़ मार दिया। वह यात्री उसकी सीट के पास से गुजर रहा था। यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने की मददविमान में मौजूद अन्य सभी यात्रियों और क्रू मेंबर्स ने तुरंत पीड़ित की मदद की। सूत्रों के अनुसार, उसे शांत किया गया और बैठाया गया। इसके बाद विमान अपने गंतव्य के लिए रवाना हुआ और फ्लाइट बिना किसी घटना के पूरी हुई।

# 'पिछली सरकार ने हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव गढ़ा', फडणवीस ने कहा, मालेगांव फैसले ने साजिश का किया पर्दाफाश

**देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 2008 की साज़िश सबके सामने बेनकाब हो गई है। उस समय की सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए 'हिंदू आतंकवाद' और 'भगवा आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़े थे। उस समय दुनिया भर में बड़े पैमाने पर आतंकवादी घटनाएँ हो रही थीं, और 'इस्लामिक आतंकवाद' दुनिया भर में चर्चा का विषय था।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः मालेगांव विस्फोट मामले में सभी सात आरोपियों को बरी किए जाने के एक दिन बाद, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार पर 'भगवा आतंकवाद' का राग अलापने की कोशिश करने का आरोप लगाया और आरोप लगाया कि उस समय के अधिकारियों ने हिंदू धार्मिक नेताओं और संगठनों को फंसाने की कोशिश की थी। उनकी यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है जब आतंकवाद निरोधी दस्ते के पूर्व अधिकारी महबूब मुजावर ने 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले पर बोलते हुए कहा कि आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत या मामले की जाँच पर उनके बयान मुंबई के पूर्व पुलिस आयुक्त परमबीर सिंह के आदेश पर दिए गए थे देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि 2008 की साज़िश सबके सामने बेनकाब हो गई है। उस समय की सरकार ने वोट बैंक की राजनीति के लिए 'हिंदू आतंकवाद' और 'भगवा आतंकवाद' जैसे शब्द गढ़े थे। उस समय दुनिया भर में बड़े पैमाने पर आतंकवादी घटनाएँ हो रही थीं, और 'इस्लामिक आतंकवाद' दुनिया भर में चर्चा का विषय था। उन्होंने कहा कि अपने वोट बैंक को नाराज करने से बचने और संतुलन बनाए रखने का दिखावा करने के लिए, उन्होंने 'हिंदू आतंकवाद' का भ्रम फैलाया और लोगों को गिरफ़्तार किया... लेकिन काफी कोशिशों के बावजूद कोई ठोस सबूत नहीं मिला। परत दर परत यह साज़िश सामने आ रही है।महबूब मुजावर ने कहा कि उन्हें कथित तौर पर इस मामले के सिलसिले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने का निर्देश दिया गया था। महबूब मुजावर 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले की जाँच कर रहे आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) का हिस्सा थे। मालेगांव ब्लास्ट मामले में एनआईए कोर्ट द्वारा सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर पूर्व एटीएस अधिकारी महबूब मुजावर ने अपना बयान मीडिया को दिया है। मीडिया से बात करते हुए महबूब मुजावर ने कहा कि उस समय मेरे बॉस परमबीर सिंह और अन्य अधिकारियों ने मुझे मोहन भागवत को लाने का आदेश दिया था। उस समय मीडिया में 'भगवा आतंकवाद' की अवधारणा चल रही थी। मैंने यह गलत काम नहीं किया था, और मुझे इसकी सजा मिली, जेल भेजा गया और बदनाम किया गया। इस मामले में मेरे पास जो भी सबूत थे, मैंने कोर्ट को दे दिए। मुजावर ने आगे आरोप लगाया कि इस फैसले ने एक फर्जी अधिकारी द्वारा की गई

## फास्ट ट्रैक

# सिंहस्थ कुंभ मेले 2027 के संदर्भ में नासिक में प्राथमिक बैठक एवं स्टेशनों का निरीक्षण

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

दिनांक 01.08.2025 को नासिक में सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 की पूर्व नियोजन के तहत एक प्राथमिक समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें नासिक के विभागीय आयुक्त डॉ. प्रवीण गेडाम, भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री पुनीत अग्रवाल, राज्य शासन के वरिष्ठ अधिकारी तथा रेलवे के शाखा अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में कुंभ मेले के दौरान रेलवे प्रबंधन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु विभागीय समन्वय, आधारभूत संरचना, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, सुरक्षा और अन्य आवश्यक विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। यह ऐतिहासिक और विशाल धार्मिक आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हो, इसके लिए भुसावल मंडल पूरी तरह से सज्ज है तथा यात्रियों को बेहतर सुविधा और समन्वित सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इसी संदर्भ में मंडल रेल प्रबंधक श्री पुनीत अग्रवाल तथा अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा देवळाली, नासिक रोड, कासबे सुकने, खेरवाडी एवं ओढा रेलवे स्टेशनों का गहन निरीक्षण किया गया। इस दौरान स्टेशनों की स्वच्छता, यात्री सुविधाएं, ट्रैक की स्थिति, बुनियादी ढांचे में सुधार तथा समग्र तैयारियों का अवलोकन किया गया। इस निरीक्षण का प्रमुख उद्देश्य सिंहस्थ कुंभ मेले को ध्यान में रखते हुए आवश्यक सुधार कार्यों को समयबद्ध रूप से पूरा करना था। रेलवे प्रशासन और स्थानीय प्रशासन के बीच यह समन्वय एवं निरीक्षण अभियान, सिंहस्थ कुंभ मेला 2027 में अपेक्षित करोड़ों श्रद्धालुओं को गुणवत्तापूर्ण सुविधाएं एवं सुव्यवस्थित सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

# नाइजीरियाई नागरिक से 18 लाख रुपये मूल्य की ड्रग्स जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



तुलिंज अपराध शाखा पुलिस ने ड्रग्स रखने के आरोप में एक नाइजीरियाई आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 18,43,800 रुपये मूल्य की 92.19 ग्राम एमडी जब्त की है।

तुलिंज पुलिस उपनिरीक्षक राहुल फड़ को बुधवार को सूचना मिली कि एक विदेशी नागरिक ड्रग्स बेचने आया है। वे तुरंत तुलिंज गए।

जाधव को सूचित किया गया। इसके बाद वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय तुलिंज ने जाल बिछाया और सेंट्रल पार्क से नालासोपारा रेलवे स्टेशन की ओर जाने वाली सड़क पर एक नाइजीरियाई नागरिक को गिरफ्तार कर लिया। नाइजीरियाई आरोपी का नाम चुकवु एमेका (48) है। जब उसे हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से 9 लाख 52 हजार रुपये कीमत की 47.60 ग्राम मेफेड्रोन नामक नशीली दवा और 8 लाख 91 हजार 800 रुपये कीमत की एमडीएमए नामक नशीली दवा की कुल 95 गोलियां बरामद हुईं।

तुलिंज में मामला दर्ज, आरोपी गिरफ्तार

10 लाख रुपये मूल्य के नशीले पदार्थ जब्त 18 लाख 43 हजार 800 रुपए जब्त किए गए हैं। आरोपी के खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम 1985 की धारा 8(ए), 22(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।यह कार्रवाई पुलिस उपायुक्त पूर्णिमा चौगुले श्रृंगी, सहायक पुलिस आयुक्त उमेश माने पाटिल और तुलिंज के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विजय जाधव के मार्गदर्शन में की गई।

# मध्य रेलवे मेगा ब्लॉक 03.08.2025

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मध्य रेलवे, मुंबई मंडल द्वारा रविवार, दिनांक 03.08.2025 को अपने उपनगरीय मार्गों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और अनुरक्षण कार्यों के लिए मेगा ब्लॉक लिया जाएगा, जिसका विवरण इस प्रकार हैः

माटुंगा मुलुंड अप और डाउन फास्ट लाइन

समयः 11.05 बजे से 15.45 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करने वाली डाउन फास्ट लाइन की सेवाएं जो 10.36 बजे से 15.10 बजे के बीच चलेंगी, उन्हें माटुंगा स्टेशन पर डाउन स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा तथा वे माटुंगा से मुलुंड के बीच अपने निर्धारित स्टेशनों पर ठहरते हुए चलेंगी। ये गाड़ियाँ अपने गंतव्य पर लगभग 15 मिनट देरी से पहुँचेंगी। ठाणे से आगे की फास्ट ट्रेनें मुलुंड स्टेशन से पुनः डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट की जाएंगी। ठाणे से प्रस्थान करने वाली अप फास्ट लाइन की सेवाएं जो 11.03 बजे से 15.38 बजे के बीच चलेंगी, उन्हें मुलुंड स्टेशन से अप स्लो लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा तथा वे मुलुंड से माटुंगा के बीच अपने निर्धारित स्टेशनों पर ठहरते हुए चलेंगी। इसके बाद इन्हें माटुंगा स्टेशन से पुनः अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और ये गाड़ियाँ अपने गंतव्य पर लगभग 15 मिनट देरी से पहुँचेंगी।

कुर्ला और वाशी स्टेशनों के बीच अप और डाउन हार्बर लाइन

समयः 11.10 बजे से 16.10 बजे तक

सीएसएमटी मुंबई से प्रस्थान करने वाली वाशी/बेलापुर/पनवेल की ओर जाने वाली डाउन हार्बर लाइन की सेवाएं जो 10.34 बजे से 15.36 बजे के बीच चलती हैं तथा पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी मुंबई की ओर आने वाली अप हार्बर लाइन की सेवाएं जो 10.16 बजे से 15.47 बजे के बीच चलती हैं – रद्द रहेंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान सीएसएमटी मुंबई कुर्ला और पनवेल वाशी सेक्शन के बीच विशेष उपनगरीय ट्रेनें चलाई जाएंगी।

ब्लॉक अवधि के दौरान हार्बर लाइन के यात्रियों को 10.00 बजे से 18.00 बजे के बीच ठाणे-वाशी/नेरुल स्टेशनों के बीच यात्रा करने की अनुमति होगी।

यह मेगा ब्लॉक रेल अवसंरचना के रखरखाव और सुरक्षा की दृष्टि से आवश्यक है। असुविधा के लिए यात्रियों से रेलवे प्रशासन क्षमाप्रार्थी है।

# एसटी जल्द ही खुदरा ईंधन बिक्री शुरू करेगाः प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , आय का एक नया स्त्रोत बनाने के लिए, एसटी निगम, केंद्र और राज्य सरकारों के साथ साझेदारी में, राज्य भर में विभिन्न स्थानों पर वाणिज्यिक आधार पर खुदरा पेट्रोल और डीजल पंप शुरू कर रहा है। यह जानकारी परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने दी है।मंत्री सरनाईक ने कहा कि एसटी निगम की वित्तीय स्थिति बहुत नाजुक है। ऐसे में केवल यात्री टिकटों की बिक्री से प्राप्त राजस्व पर निर्भर रहना उचित नहीं है। इसके लिए आय के नए स्त्रोत बनाना आवश्यक है। पिछले 70 वर्षों से, एसटी निगम सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों इंडियन ऑयल और भारत पेट्रोलियम से डीजल ईंधन खरीद रहा है। वर्तमान में, एसटी की अपनी भूमि पर 251 स्थानों पर पेट्रोल पंप स्थापित किए गए हैं, जिनके माध्यम से केवल एसटी बसों को डीजल ईंधन वितरित किया जाता है। बेशक, एसटी निगम को पेट्रोल पंपों के संचालन और रखरखाव का अच्छा अनुभव है। इसलिए, भविष्य में, केंद्र सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी तेल कंपनियों के साथ वाणिज्यिक समझौते करके आम उपभोक्ताओं के लिए पेट्रोल-डीजल और इसी तरह के ईंधन बेचने वाले पंप स्थापित करने का प्रस्ताव है। ऐसे पेट्रोल पंप सड़कों के किनारे और व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण स्थानों पर स्थित होने चाहिए। राज्य भर में एसटी निगम के स्वामित्व वाली भूमि का सर्वेक्षण किया गया है और ऐसे 25 गुणा 30 मीटर के भूखंडों की पहचान की जा रही है। इन स्थानों पर न केवल एसटी निगम की ईंधन बिक्री, बल्कि खुदरा दुकानें भी स्थापित की जा रही हैं। इसलिए, यहाँ अन्य व्यवसायों के लिए पूरक अवसर उपलब्ध होंगे! इससे एसटी निगम को जनभागीदारी के माध्यम से अच्छा राजस्व भी मिल सकता है। मंत्री सरनाईक ने आगे कहा कि राज्य सरकार द्वारा अपनाए गए उपक्रम, एसटी निगम के साथ, केंद्र सरकार की सार्वजनिक क्षेत्र की ईंधन विक्रेता कंपनियों, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम के साथ एक वाणिज्यिक साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए जाएँगे! निःसंदेह, यह समझौता एक तरह से केंद्र और राज्य सरकारों के बीच है, इसलिए राजस्व के वितरण में पारदर्शिता आएगी। इसके लिए, संबंधित कंपनियाँ राज्य भर में एसटी निगम के सभी स्थानों का व्यावसायिक सर्वेक्षण करेंगी और 251 स्थानों पर स्थित पेट्रोल पंपों को एसटी निगम के नए 25 गुणा 30 मीटर के स्थान पर स्थानांतरित किया जाएगा, जहाँ एसटी निगम को अपनी बसों में ईंधन भरने की सुविधा होगी और साथ ही आम उपभोक्ताओं को खुदरा ईंधन भी बेच सकेगा। इस तरह का 'पेट्रो-मोटल हब' स्थापित करने की मंशा व्यक्त की गई है।भविष्य में, एसटी निगम के माध्यम से वाणिज्यिक ईंधन विक्रय के माध्यम से आम उपभोक्ताओं को एक विश्वसनीय ईंधन विक्रय केंद्र उपलब्ध होगा, और निगम के लिए आय का एक नया स्त्रोत भी निर्मित होगा।

# भारतीय रेल द्वारा यात्रियों के लिए सशक्त सुविधा रेल मदद ऐप और एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 139

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

भारतीय रेल यात्रियों की सुरक्षा, सुविधा और संतोषजनक यात्रा अनुभव सुनिश्चित करने के अपने निरंतर प्रयासों के तहत ₹रेल मदद ऐप₹ और एकीकृत एकल हेल्पलाइन नंबर 139 के माध्यम से एक मजबूत और सुलभ सहायता प्रणाली प्रदान कर रही है।

यात्रियों को किसी भी समस्या, पूछताछ या सहायता हेतु अलग-अलग नंबरों पर कॉल करने की आवश्यकता नहीं है। भारतीय रेल ने सभी आपातकालीन और सामान्य सहायता नंबरों को समेकित कर एकीकृत हेल्पलाइन 139 शुरू किया है, जिससे यात्रियों को 24Ⅹ7 सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

रेल मदद ऐपः आपकी जेब में रेलवे सहायता केंद्र -

भारतीय रेल द्वारा विकसित रेल मदद ऐप एक उपयोगकर्ता-अनुकूल मोबाइल एप्लिकेशन है, जो यात्रियों को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करता हैः

सुरक्षा सहायताः किसी भी आपात स्थिति में यात्रियों द्वारा तुरंत शिकायत दर्ज की जा सकती है, जिसे संबंधित विभाग द्वारा तत्काल कार्यवाही के लिए अग्रेषित किया जाता है।

शिकायत और समाधानः ट्रेन, स्टेशन, साफ-सफाई, खानपान, टिकटिंग जैसी समस्याओं पर शिकायत दर्ज कर समाधान प्राप्त किया जा सकता है।

जानकारी एवं पूछताछः ट्रेन की चल स्थिति , पीएनआर स्थिति, प्लेटफॉर्म संख्या, स्टेशन सुविधाएं, रिफंड जानकारी आदि तुरंत प्राप्त की जा सकती है।

निगरानी और फीडबैकः यात्री अपनी शिकायतों की प्रगति को ट्रैक कर सकते हैं और सेवा की गुणवत्ता पर फीडबैक दे सकते हैं।

रेल मदद ऐप Google Play Store और Apple App पर उपलब्ध है और इसे किसी भी स्मार्टफोन पर आसानी से डाउनलोड किया जा सकता है।

### हेल्पलाइन नंबर 139: एक नंबर, कई समाधान –

रेलवे द्वारा शुरू किया गया एकीकृत हेल्पलाइन नंबर 139 एक ऑल-इन-वन नंबर है, जो यात्रियों को निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करता हैः

यात्रा से संबंधित सामान्य पूछताछ (ट्रेन समय, पीएनआर, टिकट स्थिति आदि), मेडिकल सहायता, महिला यात्रियों की सुरक्षा, चोरी, लापता सामान या छेड़छाड़ की रिपोर्टिंग, खानपान व स्वच्छता से संबंधित शिकायतें और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सहायता. यह नंबर कॉल, एसएमएस और इंटरएक्टिव वॉयस रिस्पॉन्स सिस्टम (कश्फर) के माध्यम से उपलब्ध है। इस पर भारत के किसी भी हिस्से से किसी भी समय संपर्क किया जा सकता है।भारतीय रेल का उद्देश्य यात्रियों को एक सुरक्षित, सुविधाजनक और पारदर्शी सेवा प्रदान करना है। ₹रेल मदद ऐप₹ और हेल्पलाइन 139 इसके डिजिटल परिवर्तन और यात्री-केंद्रित दृष्टिकोण के प्रतीक हैं। रेलवे यात्रियों से अनुरोध करती है कि वे इन सुविधाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और यात्रा को और भी सुगम बनाएं।

# मुंबई में कम बरस रहे बदरा, इस साल जून-जुलाई में केवल 973 मिमी बारिश

मुंबईः देश की आर्थिक राजधानी मुंबई समेत पूरे महाराष्ट्र में इस बार मॉनसून मेहरबान नहीं रहा। राज्य के मुंबई शहर, अहिल्यानगर, बीड, लातूर, सोलापुर, जालना, अमरावती और हिंगोली जिलों में 1 जून से 31 जुलाई तक बारिश में कमी दर्ज की गई है। सोलापुर में 48 प्रतिशत और बीड में 45 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मुंबई में भी 24 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। मुंबई शहर में आमतौर पर दो महीने की अवधि में 1276.4 मिलीमीटर बारिश होती है। हालांकि इस साल केवल 973 मिमी बारिश हुई है।कोलाबा में केवल 381 मिमी बारिशकोंकण रीजन के कई केंद्रों में दो महीनों में बारिश में कमी देखी गई है। यह कमी मुंबई शहर और उपनगरीय दोनों जिलों में है। कोलाबा में 303.4 मिमी की कमी दर्ज की गई, जो औसत से अधिक है। वहीं सांताक्रूज में 82.8 मिलीमीटर की कमी दर्ज की गई। अलीबाग, हरणे और रत्नागिरी केंद्रों में भी कमी दर्ज की गई है। कोलाबा में जुलाई में केवल 381 मिमी बारिश हुई।आगे कैसी होगी बारिश ?मध्य महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में कुछ जगहों पर औसत से ज्यादा बारिश हो सकती है

# 27 गांवों की समस्या के लिए विधायक ने आयुक्त के साथ की बैठक

## विभिन्न मुद्दों को लेकर आयुक्त के साथ विधायक ने की बैठक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




कल्याण - 27 गांवों की विभिन्न समस्याओं को लेकर गुरुवार को शिंदे गुट शिवसेना विधायक राजेश मोरे ने मनपा आयुक्त अभिनव गोयल के साथ बैठक किया। कल्याण डोंबिवली महानगरपालिका में शामिल 27 गाँवों के कर्मचारी पिछले 10 वर्षों से नगर सेवा में कार्यरत हैं और राज्य सरकार ने इन कर्मचारियों को स्थायी करने का आदेश दिया है। इन कर्मचारियों का इंतजार अभी भी जारी है और जैसे ही प्रशासन द्वारा कर्मचारियों का पुलिस सत्यापन और स्वास्थ्य जाँच पूरी हो जाएगी, इन 490 कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से नियुक्ति पत्र दिए जाएँगे। महानगरपालिका आयुक्त अभिनव गोयल ने विधायक राजेश मोरे को आश्वासन दिया कि पहले चरण में नियुक्ति पत्र 15 अगस्त को दिए जाएँगे। गुरुवार को शिंदे गुट शिवसेना विधायक राजेश मोरे ने महानगरपालिका आयुक्त से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक चर्चा की। ग्रामीण क्षेत्रों में संचार सुविधाओं की कमी के कारण, हालात बदतर होते जा रहे हैं और प्रशासन ने इस गांव से स्कूल समय में बस सुविधा शुरू करने की मांग को स्वीकार करते हुए, कर्मचारियों और बसों की कमी के बावजूद कुछ हद तक इस रूट पर बसें चलाने का वादा किया है। ग्रामीण क्षेत्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के साथ-साथ जो कैमरे स्मार्ट सिटी में नहीं हैं उन्हें शुरू किया जाए, गांव में स्ट्रीट लाइट लगाई जाए। हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे अस्पताल और स्वास्थ्य केंद्र शुरू करने और गणेशोत्सव एवं नवरात्रि के उत्सव की पृष्ठभूमि में सड़कों पर गड्ढे भरे के साथ क्षेत्रों में जलापूर्ति की समस्या का तुरंत समाधान किया जाए, अमृत जलकुंभी का काम पूरा कर इस जलाशय से जलापूर्ति एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भूमिगत नालियों का काम शुरू किया जाए, इस मुद्दों पर मनपा आयुक्त अभिनव गोयल ने विधायकों को इस संबंध में तुरंत कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। साथ ही, आयुक्त ने जलापूर्ति सुचारू करने के लिए एमआईडीसी अधिकारियों के साथ बैठक करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर डोंबिवली शहर सचिव, विधानसभा क्षेत्र प्रमुख संतोष चव्हाण, उप तालुका प्रमुख राहुल गणपुले, उप शहर प्रमुख संजय विखरे, दत्ता वाजे, गजानन मंगलुरकर आदि उपस्थित थे।

# मुंबई यात्री आरक्षण प्रणाली (PRS) अस्थायी रूप से बंद रहेगी 02/08/2025 और 03/08/2025 की मध्यरात्रि के दौरान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

सिस्टम डिस्क डीफ़्रैगमेंटेशन और सिस्टम पैरामीटर ट्यूनिंग के लिए मुंबई पीआरएससिस्टम डिस्क डीफ़्रैगमेंटेशन और सिस्टम पैरामीटर ट्यूनिंग कार्य के लिए 02/08/2025 को 23.45 बजे से 03/08/2025 को 03.45 बजे तक बंद रहेगी। इस शटडाउन के कारण पीआरएस, कोचिंग रिफंड, चार्ट तैयार करने की प्रक्रिया, ट्रेन फायरिंग और अन्य सेवाएं जैसे कश्फर, करंट रिजर्वेशन, चार्ट डिस्प्ले, टच स्क्रीन, रिफंड काउंटर तथा कोचिंग रिफंड टर्मिनल आदि उपलब्ध नहीं रहेंगे। हालांकि, प्रचलित रिफंड नियमों के अनुसार रिफंड के लिए टीडीआर जारी किया जाएगा। उपरोक्त अवधि के दौरान मुंबई पीआरएस ट्रेनों के लिए इंटरनेट बुकिंग भी उपलब्ध नहीं होगी। यात्रियों/रेल उपयोगकर्ताओं से अनुरोध है कि इस आवश्यक कार्य के लिए रेलवे प्रशासन के साथ सहयोग करें।


## पश्चिम रेलवे

### विभिन्न मरम्मत कार्य

मंडल रेल प्रबंधक (डब्ल्यूए), पश्चिम रेलवे, 6ठी मंजिल, इंजी. विभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008 द्वारा निम्नलिखित अनुसार ई-निविदा आमंत्रित की जाती है.

| अ. क्र. | निविदा सूचना क्र. एवं तिथि | कार्य एवं स्थान | कार्य की अनुमानित लागत रु. में | ईएमडी ₹ |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बीसीटी/25-26/162, दि. 28.07.2025 | उकाई सोनगढ़ – जलगांव अनुभाग – नंदूरबार – एसएसई (डब्ल्यू) नंदूरबार अनुभाग में 02 वर्षों के लिए आपातकालीन स्थितियों से निपटने के लिए पोटेबल वॉटर फाइटर टैंकर प्रदान करना. | 1753512 | 35100/- |
| 2 | बीसीटी/25-26/163, दि. 28.07.2025 | उकाई सोनगढ- जलगांव अनुभाग – एसएसई/डब्ल्यू/अमलनेर अनुभाग के क्षेत्राधिकार अंतर्गत 730 मानव दिवसों हेतु आउटसोर्सिंग के जरिए दैनिक आधार पर आवश्यकता आधारित मरम्मत | 1,03,48,906.77 | 2,01,800/- |
| 3 | बीसीटी/25-26/164, दि. 28.07.2025 | उकाई सोनगढ – जलगांव अनुभाग – नरदाना यार्ड - धुले-नरदाना नई लाइन परियोजना (50.060 किमी.) के संबंध में ट्रैक बिछाना और अन्य पीवे कार्य. | 68,51,506.95 | 1,37,000/- |
| 4 | बीसीटी/25-26/165, दि. 28.07.2025 | वरि. डीईएन/पूर्व क्षेत्राधिकार अंतर्गत उकाई सोनगढ-जलगांव अनुभाग के बीच टीबीआर-17.185 किमी. तथा टीएफआर – 83.567 किमी. | 3,54,92,569.35 | 3,27,500/- |
| 5 | बीसीटी/25-26/166, दि. 28.07.2025 | उकाई सोनगढ – जलगांव अनुभाग : नंदूरबार – एक वर्ष की अवधि हेतु 747600 लीटर्स/दिन पर आपूर्ति हेतु ठेकेदार के मालिकाना स्त्रोत से रेलवे ओवरहेड टैंक में पेययोग्य जल की आपूर्ति. | 78,61,499.94 | 1,57,200/- |

**उपरोक्त सभी निविदाओं हेतु जमा करने की तिथि एवं समय : 22.08.2025, 15.00 बजे तक. खुलने की तिथि एवं समय : 22.08.2025 को 15.30 बजे.** निविदा दस्तावेज शुल्क सहित कार्य के विस्तृत स्वरूप की जानकारी तथा अन्य विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. मैन्युअल प्रस्ताव पर कोई विचार नहीं किया जाएगा. 0449

Like us on : facebook.com/WesternRly    Follows us on : twitter.com/WesternRly



## मध्य रेल

सोलापूर मंडल

ई-निविदा सूचना

निविदा सूचना संख्या सोला-एन-टी-2025-2026-14

दिनांक :- 31.07.2025

भारत के राष्ट्रपति की ओर से डी.आर.एम (एस एंड टी) कार्यालय, मध्य रेलवे, सोलापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए सक्षम, प्रतिष्ठित फर्मों / ठेकेदारों से रेलवे की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट www.ireps.gov.in पर ऑनलाइन ई-निविदाएं आमंत्रित करता है : **कार्य का नाम** : मध्य रेलवे के सोलापुर मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर नए गुड्स शेड और कमरों में दूरसंचार की व्यवस्था/उपकरणों का प्रावधान/स्थानांतरण एंव FOIS नेटवर्क का प्रावधान करना। **निविदा संख्या** : सोला-एन-टी-2025-2026-14, **कार्य की अनुमानित लागत** : रू. 1,22,45,668.66/-, **टेंडर फॉर्म की कीमत** : शुन्य, **जमा की जाने वाली धरोहर राशि** : रू. 2,11,200.00/-, **कार्य पूर्ण करने की अवधि** : 8 महीने। **निविदा बंद होने का समय एंव दिनांक** www.ireps.gov.in **पर** : 22.08.2025 को 15:30 Hrs. विवरण IREPS वेबसाइट में उपलब्ध हैं। शुद्धिपत्र/संशोधन यदि कोई हो तो केवल उपरोक्त ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। केवल ऑनलाइन निविदाएं ही स्वीकार की जाएंगी। मैनुअल/डाक/ई-मेल, फैक्स, हस्तनिविदाएं स्वीकार नहीं की जाएंगी। बोलीदाताओं से अनुरोध है कि वे कंपनी के नाम के साथ तृतीय श्रेणी डिजिटल हस्ताक्षर प्रमाणपत्र प्राप्त करें और इसे www.ireps.gov.in पर पंजीकृत करें। बयाना राशि का भुगतान (ईएमडी) केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे अथवा या बैंक गारंटी के रुप में स्वीकार किया जाएगा और मूल बैंक गारंटी निविदा दस्तावेज़ में निर्दिष्ट नामित अधिकारी को व्यक्तिगत रुप से बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि से पहले (अर्थात बोलियाँ जमा करने की अंतिम तिथि को छोड़कर) जमा करनी होगी। अधिक जानकारी के लिए कृपया www.ireps.gov.in देखें।

SUN 72    मंडल रेल प्रबंधक सिगनल एवं दूरसंचार विभाग

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें



## पश्चिम रेलवे

### सामग्री प्रबंधन विभाग

### विभिन्न सामग्री की आपूर्ति

ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/49/2025 दिनांक : 29.07.2025

| अ. क्र. | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 403 | लैटरल बम्प स्टॉप | 8658 नग | 22-अगस्त-25 |
| 404 | लीड एसिड बैटरी क्षमता 8वी, 290 एएच | 663 नग | 23-अगस्त-25 |
| 405 | अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सीबीसी हेतु नकल | 15886 नग | 23-अगस्त-25 |
| 406 | कम्प्रेसर टाइप आरआर20100सीजीएम, मेक मेसर्स ईएलजीआई हेतु वार्षिक ओवरहॉलिंग किट | 142 सेट | 25-अगस्त-25 |
| 407 | कैसनब हेतु बोगी सेंटर पाइवोट टॉप | 5957 नग | 25-अगस्त-25 |
| 408 | स्लैक अडजस्टर टाइप आईआरएसए-600 कम्प्लीट | 1610 नग | 25-अगस्त-25 |
| 409 | अपग्रेडेड हाई टेन्साइल सीबीसी हेतु लॉक | 24174 नग | 25-अगस्त-25 |
| 410 | अपग्रेडेड उच्च क्षमता ड्राफ्ट गियर | 1386 नग | 25-अगस्त-25 |
| 411 | मेमोरेंडम 1जी इंजे. | 18240 नग | 25-अगस्त-25 |
| 412 | ग्लैरजाइन इंसुलिन 100आईयू प्रति एमएल 3एमएल कार्ट्रिज (प्रति 30 कार्ट्रिजेस पर एक पेन डिवाइस निशुल्क प्रदान करनेयोग्य) | 29908 नग | 25-अगस्त-25 |
| 413 | कूलिंग सिस्टम एंड एक्सेसरीज के साथ ट्रैक्शन ट्रांसफॉर्मर कम्प्लीट | 1 नग | 25-अगस्त-25 |
| 414 | ब्रेन एंडोस्कोपी सिस्टम | 2 नग | 25-अगस्त-25 |
| 415 | ऑटो ड्रॉपिंग डिवाइस प्रोविजन के साथ ईएमयू पैंटोग्राफ हेतु सुयोग्य मेट एलाइज्ड कार्बन स्ट्रिप्स | 2363 नग | 28-अगस्त-25 |
| 416 | शैंक वीयर्स प्लेट के साथ कपलर बॉडी | 6617 नग | 28-अगस्त-25 |
| 417 | सीसी पॉल यूरेथेन साइड बेयरर पैड असेम्बली | 2430 नग | 08-सितंबर -25 |
| 418 | पॉली रिंग (डोनट्स) | 104833 नग | 10-सितंबर-25 |
| 419 | कैसनब 22एनएलबी बोगीज हेतु वेड्ज | 10565 नग | 01-अक्तूबर-25 |

### शुद्धिपत्र

कृपया निविदा सूचना क्र. **एस-41-2025, दिनांक : 30.06.2025** में अ.क्र. 343 हेतु निर्धारित तिथि 11.08.2025 पढ़ें.

विस्तृत सूचना ईएमडी, क्रय प्रतिबंधों और विस्तृत निविदा शर्तों युक्त निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** तथा **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0446

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## शहर के विकास और रियल इस्टेट के सहयोग के लिए निवर्तमान जिलाधिकारी का क्रेडाई एमसीएचआई ने किया सत्कार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे के विकास, विशेष रूप से रियल इस्टेट क्षेत्र के लिए उनके अमूल्य सहयोग और योगदान के मद्देनजर सेवानिवृत्त ठाणे जिलाधिकारी अशोक शिनगारे (आईएएस) का क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष सचिन मिरानी ने हार्दिक आभार व्यक्त किया है। अशोक शिंगारे (आईएएस) 31 जुलाई 2025 को ठाणे जिलाधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए। जिलाधिकारी के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान, उन्होंने ठाणे में रियल इस्टेट विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने, परियोजनाओं के सुचारू क्रियान्वयन में सहायता करने और समय पर अनुमोदन सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष मिरानी ने कहा कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व और क्षेत्र की प्रगति के प्रति प्रतिबद्धता ने ठाणे की विकास गाथा को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के सचिव फैयाज विरानी ने कहा कि जिलाधिकारी रहते हुए ठाणे को निवेश और विकास के लिए एक प्रमुख गंतव्य के रूप में बढ़ावा देने में अशोक शिनगारे के प्रयासों की हम सराहना करते हैं। क्षेत्र और यहाँ के लोगों के कल्याण के लिए उनका समर्पण सराहनीय रहा है। क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे, ठाणे के विकास पथ को और आगे बढ़ाने के लिए सरकारी अधिकारियों के साथ अपने सहयोगात्मक प्रयासों को जारी रखने के लिए तत्पर है, यह बात सचिन मिरानी ने कहा है। ठाणे के जिलाधिकारी अशोक शिनगारे (आईएएस) ने सेवानिवृत्ति से पहले ठाणे में अपनी अंतिम नियुक्ति के साथ एक शानदार कार्यकाल पूरा किया। क्रेडाई एमसीएचआई ठाणे के अध्यक्ष सचिन मिरानी, सचिव फैयाज विरानी और पूर्व अध्यक्ष जितेंद्र मेहता ने 31 जुलाई को उन्हें सम्मानित किया और ठाणे के विकास और आर्थिक विकास में सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

## जनता के हितों और उनकी समस्याओं को लेकर आवाज निरंतर उठाते रहेंगे, किसी का पेट दुखता है, दुखता रहे - विकास सोमेश्वर

### मुझ पर उंगली उठाने वाले अपने गिरेबान में भी झांके।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. शिवसेना के वरिष्ठ युवा नेता विकास सोमेश्वर ने अपने राजनीतिक विरोधियों और प्रतिद्वंदियों जो उनपर निरंतर निराधार आरोप प्रत्यारोप करते रहते हैं पर जोरदार ढंग से हमला करते हुए कहा कि वे अपना गिरेबान में झांक कर देखे। 1990 से 1995 तक उनके द्वारा क्या किया गया इसका आकलन खुद करे। अंबरनाथ की जनता ये अच्छे से जानती है कि कौन चोर है और कौन चोर नहीं है। विरोधी कहते है नगरपालिका में मुझे फाइले दी गई या कोई काम दिया गया है तो दिखाएं और साबित करें कि किसने और कब मुझे फाइलें या कार्य दिया है। अपना पुराना इतिहास देखे और फिर मुझ पर आरोप लगाएं

क्षेत्र के लोगों की मूलभूत समस्याओं और उनसे जुड़े कार्यों को लेकर मै सतत सक्रिय रहता हूं और नगरपालिका के कुछ अधिकारियों द्वारा कुंभकर्णी नींद में सोने पर उन्हें यदि कुंभकर्ण की मूर्तियां देता हूं तो क्या गलत करता हूं। जनता की समस्याओं को लेकर आगे भी वो अपनी आवाज उठाते रहेंगे और ऐसे ही आंदोलन करते रहेंगे जिससे राजनीतिक विरोधियों के पेट में दर्द होता रहे। बताते चले कि विगत दिनों एक बड़े नेता द्वारा उन पर अप्रत्यक्ष रूप से आरोप लगाने के प्रत्युत्तर में विकास सोमेश्वर ने पत्रकारों से अपने यह विचार रखे। उनके साथ युवासेना पश्चिम शहर अधिकारी राहुल सोमेश्वर, पूर्व नगरसेवक लेनिन मुक्कू, पवन वालेकर, प्रकाश वालुंज आदि उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## राष्ट्रवादी पार्टी का कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन

### भूमि अभिलेख और भ्रष्टाचार पर सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपा, एक प्रदेश एक कोर्स की मांग

शाहजहांपुर, राष्ट्रवादी पार्टी के पदाधिकारियों ने कलेक्ट्रेट परिसर में जमकर नारेबाजी की। उन्होंने प्रशासन को सात सूत्रीय ज्ञापन सौंपकर जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया। पार्टी की प्रमुख मांगों में एक प्रदेश एक कोर्स की व्यवस्था प्राइवेट और सरकारी स्कूलों में लागू करना शामिल है। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि गांवों में पार्टी बंदी के कारण पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। उन्होंने इसकी जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। राष्ट्रवादी पार्टी के नेताओं ने बताया कि उत्तर प्रदेश के कई गांवों में अभी तक घरौनियां नहीं बनी हैं। उन्होंने मांग की कि लेखपालों को निर्देशित किया जाए कि वे उचित सर्वे कराकर घरौनियां बनाएं। इससे भवन स्वामियों को अपने स्वामित्व का कानूनी दस्तावेज मिल सकेगा। पदाधिकारियों ने आरोप लगाया कि नई खतौनियों में अधिकांश लेखपालों ने जानबूझकर किसानों से पैसे वसूलने के लिए गलतियां की हैं। इसके कारण किसानों को बार-बार तहसील के चक्कर लगाने पड़ते हैं। लेखपाल अंश निर्धारण के नाम पर मनमानी वसूली करते हैं। ज्ञापन में पुलिस थानों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर भी चिंता जताई गई। पार्टी का कहना है कि इसके कारण निष्पक्ष कार्रवाई नहीं होती और पीड़ितों को न्याय नहीं मिलता। पार्टी ने गांवों में पंचायत भवनों के उपयोग पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि इन भवनों में खुली बैठकें नहीं होतीं, जिससे ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी नहीं मिलती। इसके अलावा बिजली कटौती रोकने की मांग भी की गई। प्रशासन ने पार्टी की मांगों पर विचार करने और उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है।




## तहसील में किसानों का आमरण अनशन

### भूमिधरी जमीन पर प्रधान ने बनवाया चकमार्ग, एसडीएम के आदेश के बाद भी नहीं मिला कब्जा

मिर्जापुर, मड़िहान तहसील में सरदार सेना के बैनर तले क्षेत्र के किसानों ने आमरण अनशन शुरू किया है। किसानों का आरोप है कि उपजिलाधिकारी के आदेश की अवहेलना हो रही है और उन्हें उनकी जमीन नहीं मिल रही है। पीड़ित किसान अरविन्द सिंह पटेल ने बताया कि राजगढ़ में उनकी भूमिधरी जमीन है। ग्राम प्रधान ने सरकारी धन से उनकी जमीन पर जबरन चकमार्ग का निर्माण करवा दिया। जब उन्होंने इसका विरोध किया, तो उपजिलाधिकारी न्यायालय से आदेश मिला। इसमें पीड़ित किसान को जमीन के बदले ग्राम सभा की जमीन देने का निर्देश था। अरविन्द सिंह का आरोप है कि ग्राम प्रधान उन्हें जमीन पर कब्जा नहीं लेने दे रहा है। अधिकारियों के यहां शिकायत करने के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि अधिकारियों से कई बार गुहार लगाई गई। हर बार सिर्फ आश्वासन मिला और वापस कर दिया गया। जब सब्र का बांध टूटा, तो उन्होंने दर्जनों किसानों के साथ मड़िहान तहसील में आमरण अनशन शुरू किया।



## निःशुल्क मेडिकल कैंप में लोगों ने बढ़चढकर हिस्सा लिया, प्रतिवर्ष आयोजित होंगे मेडिकल कैंप - रोटरेक्ट आदिल काजी

### अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट और विजय हॉस्पिटल के सौजन्य से निःशुल्क मेडिकल कैंप का सफल आयोजन।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अंबरनाथ. अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट और विजय हॉस्पिटल अंबरनाथ ईस्ट के संयुक्त बैनर तले शुक्रवार 1 अगस्त को सुबह 10 बजे से सायंकाल 4 बजे तक कोहोजगांव स्थित हजरत गैबनशाह वली दरगाह हॉल में निःशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया जिसमें सैंकड़ों लोगों ने इस निःशुल्क कैंप का लाभ उठाया। निःशुल्क मेडिकल कैंप के मुख्य अतिथि अंबरनाथ शहर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्ष प्रदीप पाटिल रहे। उक्त मेडिकल कैंप में एमआईडीसी स्थित विजय हॉस्पिटल की मुख्य डॉ.माधुरी, डॉ.लक्ष्मण काले, नितिन रणदिवे, डॉ.अविनाश गायकवाड़, स्मिता पीटर, डॉ.अबू बकर, आदि डॉक्टरों ने मरीजों को निःशुल्क मेडिकल सेवाएं प्रदान की। कैंप में नेत्र परीक्षण, ब्लड प्रेशर, जनरल जांच आदि सुविधाओं का लाभ लोगों ने बढ़चढ़ कर उठाया। डॉक्टरों ने मरीजों को उचित परामर्श दिया और ईलाज हेतु सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के विषय में भी जानकारी दी। निःशुल्क मेडिकल कैंप को आयोजित करने में सक्रिय भूमिका निभाने वाले रोटरेक्ट आदिल खालिद काजी ने आयोजन को सफल बनाने में विजय हॉस्पिटल की डॉक्टर माधुरी और उनकी टीम, अंबरनाथ मस्जिद ट्रस्ट के सदर हाजी सलीम चौधरी, कार्याध्यक्ष आरिफ काजी, बिस्मिल्लाह शेख, ख्वाजा यूनस चौधरी, अरबाज कुरैशी, नईम शेख, तथा खालिद काजी, सुमीत शेलार, रमेश विभूते, दस्तगीर शेख आदि को धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजकों की तरफ से जलपान की भी समुचित व्यवस्था की गई थी।

## लोकशाहीर अन्नाभाऊ साठे जयंती पर जिला परिषद में अभिवादन कार्यक्रम

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , लोकशाहीर साहित्य सम्राट अन्नाभाऊ साठे की 105वीं जयंती 01 अगस्त, 2025 को जिला परिषद, ठाणे में मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक न्याय, समानता और संघर्ष के प्रतीक अन्नाभाऊ साठे की प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित करने का कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला परिषद, ठाणे के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम में जिला मातृ एवं शिशु देखभाल अधिकारी डॉ. स्वाति पाटिल, कार्यपालक अभियंता प्रकाश सासे एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अन्नाभाऊ साठे को श्रद्धांजलि दी। अन्नाभाऊ साठे ने अपने क्रांतिकारी साहित्य के माध्यम से समाज के वंचित, शोषित और मेहनतकश वर्ग के दुख-दर्द को शब्दों में पिरोकर सामाजिक परिवर्तन की मशाल जलाई। उनकी कलम से निकली लोक कथाओं और ₹फकीरा₹ जैसे उपन्यासों के पात्र आज भी प्रेरणादायी हैं। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने अन्नाभाऊ के विचारों का अवलोकन किया, उनके कार्यों से प्रेरणा ली और समानता व न्याय के मूल्यों के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। साहित्य और समाज सुधार में उनके योगदान को याद करते हुए, उपस्थित लोगों ने उनके प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम का आयोजन समाज कल्याण विभाग, जिला परिषद, ठाणे द्वारा किया गया था।

## 3 किलो,390 ग्राम चरस के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




ठाणे , अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी में संलिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से पुलिस के मादक पदार्थ विरोधी दस्ते ने 3,39,00,000/- रुपए मूल्य की 3 किलो 390 ग्राम चरस जब्त किया है। ठाणे पुलिस आयुक्त ने मादक पदार्थों की तस्करी के विरुद्ध एक विशेष अभियान चलाने और सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया था। जिसके तहत मादक पदार्थ निरोधक दस्ते के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक राहुल मस्के ने एक विशेष अभियान चलाया। इसी दौरान मादक पदार्थ विरोधी दस्ते को मुखबिर के जरिए मिली। जिसके अनुसार, वरिष्ठों की अनुमति से 31/07/2025 को 22.30 बजे छापामार कार्रवाई की। रसोई पोली भाजी केंद्र, सुप्रभ सोसाइटी, उथलसर नाका से आरोपी मोहम्मद मकसूद मोहम्मद अहमद (42) दुनियागंज, फूलपुर, जिला इलाहाबाद, राज्य उत्तर प्रदेश के मूल निवासी को अपने कब्जे में ले लिया। उसके पास से 3 किलो 390 ग्राम चरस बरामद किया। जिसकी कीमत 3,39,00,000 रुपये बताई गई। उसके पास से 1770 रुपये नकद और आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस मिला। इस संबंध में, ठाणे के राबोडी पुलिस स्टेशन में एनडीपीएस अधिनियम, 1985 की धारा 8(ए), 20(बी)(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। आरोपी को 4 अगस्त तक पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

## रास्ते के विवाद पर दो पक्षों में मारपीट

### एक पक्ष के तीन लोग घायल, दूसरे पक्ष ने छेड़छाड़ का आरोप लगाया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रास्ते के विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच झड़प हुई। इस मारपीट में एक पक्ष के तीन लोग घायल हो गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि हमलावरों ने तलवार, तमंचे और लाठी-डंडों से हमला किया। घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के एक मोहल्ले में हुई। पीड़ित पक्ष का कहना है कि रास्ते के विवाद को लेकर गुरुवार रात उनके परिवार पर हमला किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि हमलावरों ने महिलाओं पर भी हमला किया। बचाने आए परिवार के पुरुषों के साथ मारपीट की। पीड़ित पक्ष ने यह भी आरोप लगाया कि मारपीट के दौरान एक महिला को बुरी नियत से पकड़ा गया। उसकी चेन लूट ली गई। साथ ही घर के अंदर रखी सोने की दो अंगूठियां भी गायब कर दी गईं। उनका कहना है कि आरोपियों ने फायरिंग भी की। उनकी कार को ईंट-पत्थर मारकर क्षतिग्रस्त कर दिया। दूसरे पक्ष का आरोप है कि विरोधी पक्ष के युवक उनकी बेटी के साथ छेड़छाड़ करते हैं। उन्होंने दावा किया कि उनकी बेटी का नहाते समय छत के ऊपर से वीडियो भी बनाया गया। 31 जुलाई को जब बेटी कोचिंग से लौट रही थी, तब उसके साथ छेड़छाड़ की गई। बेटी ने घर आकर घटना की जानकारी दी। जिसके बाद परिवार के लोग पूछताछ करने गए थे। तभी उन पर हमला कर दिया गया। घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। पुलिस ने एक पक्ष के तीन घायलों का मेडिकल परीक्षण कराया है। दोनों पक्षों ने थाने में तहरीर दी है। लेकिन अभी तक पुलिस ने कोई एफआईआर दर्ज नहीं की है। सदर थाना प्रभारी अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि घायल लोग एक पक्ष के या दोनों पक्ष के हैं, इसकी जानकारी नहीं है। तीन घायलों का मेडिकल कराया गया। अभी एफआईआर दर्ज नहीं हुई है।

## अनधिकृत निमार्णों के 134 नल कनेक्शन खंडित , 79 बोरवेल बंद किए गए, 18 पंप जब्त

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निमार्णों के 134 नल कनेक्शन काटे गए हैं। मनपा के जल आपूर्ति विभाग द्वारा की गई कार्रवाई में 79 बोरवेल बंद किए गए। जबकि 18 मोटर पंप जब्त किए गए। ये सभी नल कनेक्शन अवैध रूप से लिए गए थे। इस संबंध में मामला दर्ज करने की भी कार्रवाई की जा रही है। अनधिकृत निमार्णों को जलापूर्ति प्रदान की गई तो उसके दस्तावेजों की जांच की जानी चाहिए। साथ ही, यदि निर्माण अवैध है, तो पाइप कनेक्शन तुरंत काट दिया जाना चाहिए, और इसी प्रकार, यदि मनपा की जल आपूर्ति से अवैध रूप से पाइप कनेक्शन लिया गया है, तो उसे भी तुरंत काट दिया जाना चाहिए, ऐसा मनपाआयुक्त सौरभ राव ने जल आपूर्ति विभाग को आदेश दिया है। मनपा क्षेत्र में अनधिकृत निमार्णों के पाइप कनेक्शन काटने के लिए 25 जुलाई से एक विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में दिवा, मुंब्रा, माजीवड़ा-मानपाड़ा, कलवा, उथलसर, लोकमान्य नगर-सावरकर नगर के प्रभाग समिति क्षेत्रों का निरीक्षण कर कार्रवाई की गई है। ऐसा उपनगरीय अभियंता (जल आपूर्ति विभाग) विनोद पवार ने बताया है। इस अभियान में आंशिक रूप से निर्मित और कब्जे वाले अनधिकृत निमार्णों का निरीक्षण किया गया और वहां के पाइप कनेक्शन काट दिए गए। पंप भी जब्त कर लिए गए हैं और बोरवेल भी बंद कर दिए गए हैं।

## आर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री में टिफिन स्ट्राइक

### प्रदर्शन के दूसरे दिन मजदूरों ने निकाली रैली, ओवरटाइम एरियर भुगतान की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, आर्डनेंस क्लोदिंग फैक्ट्री के बाहर मजदूर संघ के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दूसरे दिन कार्यकताओं ने टिफिन स्ट्राइक की और रैली भी निकाली। भारतीय प्रतिरक्षा मजदूर संघ के आह्वान पर 31 जुलाई से तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन आयुध निमार्णी शाहजहांपुर में शुरू हुआ है। शुक्रवार को दूसरे दिन निमार्णी गेट के सामने मुख्य सड़क पर मजदूर संघ कार्यकताओं ने रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों की मुख्य मांग ओवरटाइम एरियर का भुगतान है। कर्मचारियों का 50 प्रतिशत बकाया और सेवानिवृत एवं मृतक आश्रित कर्मचारियों का पूरा बकाया शीघ्र प्रदान करने की मांग की गई है। इस संबंध में काफी दिन पूर्व कोर्ट से भी आदेश हो चुका है। लगभग एक वर्ष बीतने के बावजूद अभी तक बकाया भुगतान नहीं किया गया है। रैली के बाद निमार्णी के मुख्य गेट पर नारेबाजी की गई। दोपहर में कार्यकताओं ने टिफिन स्ट्राइक की। तीसरे दिन रैली निकाल कर कार्यकर्ता महाप्रबंधक को सीएमडी के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। उन्होंने चेतावनी दी है कि मांग पूरी न होने पर आगे की रणनीति तैयार की जाएगी। संगठन के शीर्ष नेतृत्व के दिशा-निदेर्शों पर अमल किया जाएगा।

कार्यक्रम में अनुराग दुबे, हरिमोहन, प्रदीप राणा, विश्वनाथ, सौरभ, श्रीनिवास, संदीप वर्मा, ओ पी रावल, बलबीर, अनुज प्रताप, सुनील, अभय सिंह, अमित, मुकेश मेहरोत्रा, अनिल मिश्रा सहित अन्य कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## बच्चों के लिए बाल मित्र केंद्र का उद्घाटन

- थाने में विवेचक कक्ष भी बनाया गया, एसपी ने फीता काटकर किया शुभारंभ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, सेहरामऊ दक्षिणी थाने में बाल मित्र केंद्र और विवेचक कक्ष का उद्घाटन किया गया है। एसपी राजेश द्विवेदी ने थाने पहुंचकर फीता काटकर इसका शुभारंभ किया। बाल मित्र केंद्र का उद्देश्य थाने में आने वाले बच्चों को भयमुक्त और सम्मानजनक वातावरण प्रदान करना है। यह विशेष रूप से पीड़ित या साक्षी के रूप में उपस्थित बच्चों के लिए बनाया गया है। एसपी द्विवेदी ने बताया कि यह केंद्र किशोर न्याय अधिनियम और मानवाधिकार संरक्षण की भावना के अनुरूप संचालित किया जाएगा। साथ ही, थाने में विवेचक कक्ष भी बनाया गया है। इसका उद्देश्य विवेचकों को एक व्यवस्थित, शांत और गोपनीय कार्य स्थल उपलब्ध कराना है। एसपी ने कहा कि मुकदमे की विवेचना एक महत्वपूर्ण कार्य है। इस कक्ष में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। ताकि विवेचक निष्पक्षता और दक्षता के साथ अपना काम कर सकें। एसपी द्विवेदी ने निर्देश दिए कि बाल मित्र केंद्र को सहानुभूतिपूर्ण दृष्टिकोण से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि विवेचक कक्ष में गोपनीयता, समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ कार्य किया जाना चाहिए। इस अवसर पर एसपी सिटी, एसपी ग्रामीण और अन्य पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। एसपी द्विवेदी ने कहा कि जनता से संवाद और व्यवहार सौम्य, सहयोगी और भरोसेमंद होना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि जनविश्वास ही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है। इस दिशा में हर छोटी पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है।

**भारत संवाद परिवार**

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,

2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ

3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)

4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी

5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा

6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया

## कहा- देश का पॉलिटिकल सिस्टम टूट गया, मैं इसे ठीक करने के काबिल नहीं

एजेंसी

पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस ने राजनीति छोड़ने का ऐलान किया है। उन्होंने 'द लेट शो विद स्टीफन कोलबर्ट' में इंटरव्यू में कहा कि वह अब किसी भी राजनीतिक पद के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगी, जिसमें कैलिफोर्निया के गवर्नर का पद भी शामिल है। हैरिस ने कहा- अमेरिका का पॉलिटिकल सिस्टम टूट चुका है और मैं लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने लिए मजबूत नहीं हूं। कैलिफोर्निया की गवर्नर रह चुकी हैरिस ने कहा कि उन्होंने अपने पूरे करियर में जनता की सेवा की है। उन्होंने कहा- मैंने गवर्नर बनने के बारे में बहुत सोचा। मुझे अपने राज्य कैलिफोर्निया से प्यार है, लेकिन अब मुझे लगता है कि मेरी सिस्टम में बदलाव लाने की क्षमता घट गई है। टीवी होस्ट ने हैरिस से कहा कि आप जैसी इतनी काबिल शख्सियत का यह कहना कि सिस्टम टूट गया है, ये चिंताजनक है। हैरिस ने यह भी बताया



कि वह अब देशभर में घूमकर लोगों से बात करना चाहती हैं, लेकिन वोट मांगने के लिए नहीं, बल्कि उनकी बात सुनने के लिए। उनकी नई किताब '107 डेज' 23 सितंबर को रिलीज होने वाली है। जिसमें उन्होंने अपनी 107 दिन के राष्ट्रपति चुनाव कैंपेन के अनुभवों का जिक्र किया है। हैरिस से पूछा गया कि उन 107 दिनों में सबसे ज्यादा क्या हैरान करने वाला था, हैरिस ने कहा, हर रात मैं प्रार्थना करती थी कि मैंने आज अपने पूरे सामर्थ्य के साथ सबकुछ किया हो। कमला हैरिस को 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रम्प के खिलाफ हार मिली थी। राष्ट्रपति चुनाव के इलेक्टोरल कॉलेज में ट्रम्प ने 312 वोटों के साथ जीत हासिल की थी, जबकि हैरिस को 226 वोट मिले थे। कमला ने अपने पॉलिटिकल करियर की शुरूआत 1990 में जिला अटॉर्नी के रूप में की। वे जिला अटॉर्नी से स्टेट अटॉर्नी और फिर सीनेट (अमेरिकी राज्यसभा) तक पहुंचीं। जिला अटॉर्नी बनने के सालभर बाद ही कमला अपनी अप्रोच को लेकर विवादों में घिरने लगीं। इन विवादों ने कमला की लोकप्रियता को बढ़ाया। 2004 में एक क्रिमिनल गैंग के मेंबर ने एक पुलिस वाले इसाक एसपिनोजा की गोली मारकर हत्या कर दी। लोगों की मांग थी कि हत्यारे को मौत की सजा मिले। हालांकि, कमला ने सरकारी वकील के तौर पर मौत की सजा की मांग ही नहीं की। इसे लेकर न सिर्फ पुलिसवालों बल्कि कैलिफोर्निया के सीनेटर तक ने उनका विरोध किया था। अटॉर्नी के तौर पर कमला ने मौत की सजा को कम करने के लिए काम किया। उनका मानना है कि न्यायिक व्यवस्था को सजा देने से ज्यादा फोकस अपराध रोकने पर करना चाहिए। उन्होंने छोटे अपराधों में बड़ी सजा को भी कम करवाया। कमला ने बैक ऑन ट्रैक प्रोग्राम शुरू कराया था। जिसके तहत छोटे अपराध करने वाले लोगों को स्कूल एजुकेशन और जॉब ट्रेनिंग दिलाई गई, ताकि वे अपराध छोड़कर साधारण जिंदगी जी सकें। कमला ने उन पेरेंट्स को सजा दिलाने पर भी फोकस किया जो अपने बच्चों को एजुकेशन के लिए स्कूल नहीं भेज रहे थे। इस अपराध को ट्रूएंसी कहा जाता है। इसका सबसे ज्यादा असर ब्लैक पेरेंटेंस पर पड़ा।

# भारत पर ट्रम्प का 25% टैरिफ 7 दिन टला

## 90 देशों को भी राहत, लेकिन कनाडा पर 35% टैरिफ; लिस्ट में चीन नहीं

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने भारत पर 25% टैरिफ को 7 दिन के लिए टाल दिया है। ये आज से लागू होना था, जो अब 7 अगस्त से लागू होगा। ट्रम्प ने 92 देशों पर नए टैरिफ की लिस्ट जारी की है। इसमें भारत पर 25% और पाकिस्तान पर 19% टैरिफ लगाया गया है। हालांकि, कनाडा पर आज से ही 35% टैरिफ लागू हो गया है। साउथ एशिया में सबसे कम टैरिफ पाकिस्तान पर लगा है। अमेरिका ने पहले पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगा रखा था। वहीं दुनियाभर में सबसे ज्यादा




41% टैरिफ सीरिया पर लगाया गया है। इस लिस्ट में चीन का नाम शामिल नहीं है। ट्रम्प ने 2 अप्रैल को दुनियाभर के देशों पर टैरिफ लगाने की घोषणा की थी, लेकिन 7 दिन बाद ही इसे 90 दिनों के लिए टाल दिया था। कुछ दिनों बाद ट्रम्प ने 31 जुलाई तक का समय दिया था। इसके बाद ट्रम्प सरकार ने 90 दिनों में 90 सौदे कराने का टारगेट रखा था। हालांकि, अमेरिका का अब तक सिर्फ 7 देशों से समझौता हो पाया। सीरिया, लाओस और म्यांमार जैसे गरीब देशों पर सबसे ज्यादा टैरिफ लगा है। इन दोनों देशों पर अमेरिका ने 40-41% भारी टैरिफ लगाया है, जो सबसे ऊंची दर है। अमेरिका में सीरिया से बहुत कम व्यापार होता है, लेकिन फिर भी उस पर 41% हाई-टैरिफ लगाया गया है। सीरिया पर लंबी अवधि से लगे आर्थिक प्रतिबंधों की वजह से ऐसा हुआ है। म्यांमार से अमेरिका को ज्यादातर कपड़े निर्यात किए जाते हैं, जबकि लाओस से मुख्य रूप से इलेक्ट्रॉनिक उपकरण भेजे जाते हैं। अमेरिका को लगता है कि चीन अपने सामान पर लगने वाले भारी टैरिफ से बचने के लिए इन देशों का इस्तेमाल कर रहा है। यानी, मेड इन चाइना सामान को लाओस या म्यांमार जैसे देशों से होकर भेजा जा रहा है ताकि टैरिफ बच सके। रॉयटर्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 2024 में लाओस से अमेरिका का आयात दोगुने से भी ज्यादा बढ़ गया।

# पाकिस्तान पर मेहरबान ट्रम्प, सिर्फ 19% टैरिफ लगाया

## एक दिन पहले ऑयल डील का ऐलान किया; पहले कह चुके- आई लव पाकिस्तान

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने पाकिस्तान पर 19% टैरिफ लगाने का ऐलान किया है। साउथ एशिया के किसी भी देश पर यह सबसे कम अमेरिकी टैरिफ होगा। इससे पहले ट्रम्प ने अप्रैल में भारत पर 26% और पाकिस्तान पर 29% टैरिफ लगाने की बात कही थी। नए आदेश में ट्रम्प ने भारत को सिर्फ 1% और पाकिस्तान को 10% की रियायत दी है। ट्रम्प ने पाकिस्तान को 2 दिन में 2 राहत दी है। कल ही ट्रम्प ने पाकिस्तान के साथ ऑयल और ट्रेड डील का ऐलान किया था। इसमें अमेरिका, पाकिस्तान में तेल की खोज, प्रोसेसिंग और स्टोरेज बनाने में मदद करेगा। बीते कुछ महीनों में अमेरिका और पाकिस्तान के रिश्ते में काफी नजदीकी आई है। पाकिस्तान ने जून में ट्रम्प को नोबेल शांति पुरस्कार के लिए नामित किया था। भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सीजफायर के बाद ट्रम्प ने 'आई लव पाकिस्तानभी कहा था। पाकिस्तान पर ट्रम्प की मेहरबानी की आर्थिक, रणनीतिक और राजनीतिक वजहें शामिल हैं। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान की भौगोलिक स्थिति अमेरिका के लिए बेहद अहम है। इसकी सीमाएं अफगानिस्तान और ईरान से लगती हैं। दोनों अमेरिका की विदेश नीति में ये संवेदनशील देश हैं। अमेरिका अफगानिस्तान से निकलने




के बाद भी उस क्षेत्र में निगरानी रखना चाहता है। पाकिस्तान इस दृष्टि से एक लॉजिस्टिक बेस या मॉनिटरिंग पॉइंट की तरह काम कर सकता है। चीन की बेल्ट एंड रोड प्रोजेक्टपाकिस्तान से होकर जाती है। इससे अमेरिका को लगता है कि वह पाकिस्तान में प्रभाव बनाए रखकर चीन को संतुलित कर सकता है। इकोनॉमिक टाइम्स की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और भारत के संबंध गहरे हुए हैं, लेकिन दोनों के बीच कई व्यापारिक और रणनीतिक मतभेद भी हैं। जैसे भारत का रूस से हथियार खरीदना, कृषि और डेयरी में अमेरिकी एक्सेस का विरोध और डब्ल्यूटीओ पर टकराव। ऐसे में पाकिस्तान को तरजीह देकर अमेरिका एक संदेशदेना चाहता है कि अगर भारत बहुत कठोर रवैया अपनाएगा तो अमेरिका के पास विकल्प हैं। पाकिस्तान पर कम टैरिफ लगाना अमेरिका की चीन को साधने की रणनीति का हिस्सा भी माना जा सकता है। चीन ने चाइना-पाकिस्तान इकोनॉमिक कॉरिडोर (सीपीईसी) के जरिए पाकिस्तान में भारी निवेश कर रखा है। यह बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (बीआरआई) का सबसे अहम हिस्सा है। अमेरिका को यह प्रोजेक्ट रणनीतिक तौर पर चुनौती लगती है, क्योंकि इससे चीन को अरब सागर तक सीधी पहुंच मिलती है।

अब अमेरिका अगर पाकिस्तान से कारोबारी रिश्ते मजबूत करता है, तो वह बीआरआई पर चीन की पकड़ को कमजोर कर सकता है या वहां अपनी मौजूदगी बनाए रख सकता है। इसे अलावा चीन का शिनजियांग इलाका पाकिस्तान से लगा है। अमेरिका पाकिस्तान में अपने संपर्क बढ़ाकर उस इलाके की गतिविधियों पर नजर रख सकता है।

# न्यूयॉर्क और न्यूजर्सी में भारी बारिश से बाढ़, इमरजेंसी लागू

## एक घंटे में 3 इंच बारिश, सड़कें-मेट्रो स्टेशनों में पानी भरा; 14 हजार लोग बिना बिजली के रहे

एजेंसी

वॉशिंगटन डी सी, अमेरिका के पूर्वी तट पर गुरुवार को तेज तूफान और भारी बारिश से बाढ़ आ गई। जिसके बाद न्यूयॉर्क शहर और न्यू जर्सी में इमरजेंसी घोषित कर दी गई। तूफान का असर न्यूयॉर्क से वॉशिंगटन डीसी तक दिखा। मौसम विभाग के अनुसार, कुछ इलाकों में एक घंटे में 3 इंच (7.6 सेमी) तक बारिश हुई, जिससे नाले और नदियां उफान पर आ गईं। न्यूयॉर्क में मेट्रो स्टेशनों में पानी भर गया। स्टेशन में दीवारों से पानी



रिसता दिखा। भारी बारिश के कारण पटरियां पानी में डूब गईं जिससे कई ट्रेनें और यात्री फंस गए। रेस्क्यू टीम ने यात्रियों को बचाया। सड़कों पर पानी भरने से कई गाड़ियां डूब गईं, और एक्सप्रेसवे बंद करना पड़ा। वहीं न्यू जर्सी में 14 हजार से ज्यादा लोग 24 घंटे बिना बिजली के रहे। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने शहर और आसपास के इलाकों में आपातकाल की घोषणा की है। शुक्रवार तक और बारिश की आशंका है। प्रशासन ने लोगों को यात्रा न करने और बाढ़ से बचने की सलाह दी है। तूफान के चलते न्यूयॉर्क, न्यू जर्सी, वाशिंगटन और फिलाडेल्फिया के हवाई अड्डों पर उड़ानें रद्द या देरी से चलीं। मैरीलैंड में बाल्टीमोर के पास पानी में फंसे लोगों को बचाया गया। मौसम विभाग ने वॉशिंगटन, बाल्टीमोर, फिलाडेल्फिया और न्यूयॉर्क शहर के लिए भारी बारिश का अलर्ट जारी किया। ये अलर्ट शुक्रवार तक रहेगा। उत्तरी न्यू जर्सी से वर्जीनिया में 3 इंच प्रति घंटा बारिश की आशंका थी। कुछ जगहों पर 5 इंच से ज्यादा बारिश हो सकती थी। पेनसिल्वेनिया से न्यू इंग्लैंड तक 1.5 इंच प्रति घंटा बारिश का अनुमान था, जिससे पहाड़ी इलाकों में बाढ़ का खतरा था। वर्जीनिया से मैसाचुसेट्स तक बाढ़ की चेतावनी जारी की गई। 16 जुलाई को न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में भारी बारिश से बाढ़ आई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी।

# वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं, राहुल गांधी पर हिमंत बिस्वा सरमा का निशाना



एजेंसी

लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बर्बाद अर्थव्यवस्था वाले बयान से सहमति जताने पर असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने तगड़ा प्रहार किया है। उन्होंने कहा कि पिछले 7 दिनों ने राहुल गांधी को बुरी तरह बेनकाब कर दिया है। लोग अब समझ गए हैं कि वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी हर काम शालीनता से कर रहे हैं, विभिन्न देशों से बात कर रहे हैं, तो राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं। राहुल गांधी ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान को सही ठहराते हुए बृहस्पतिवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के सिवाय सब जानते हैं कि भारत एक डेड इकोनॉमी (बर्बाद अर्थव्यवस्था) है तथा प्रधानमंत्री ने अर्थव्यवस्था को खत्म कर दिया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौता डोनाल्ड ट्रंप की शर्तों पर होगा और प्रधानमंत्री मोदी वही करेंगे,

**हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पिछले 7 दिनों ने राहुल गांधी को बुरी तरह बेनकाब कर दिया है। लोग अब समझ गए हैं कि वह भाजपा विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी हैं। उन्होंने दावा किया कि जब प्रधानमंत्री मोदी हर काम शालीनता से कर रहे हैं, विभिन्न देशों से बात कर रहे हैं, तो राहुल गांधी देश को बदनाम कर रहे हैं।**

जो अमेरिकी राष्ट्रपति कहेंगे। ट्रंप ने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत का शुल्क (टैरिफ) लगाने की घोषणा करने के कुछ घंटों बाद एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भारत और रूस अपनी बर्बाद अर्थव्यवस्थाओं को एक साथ गर्त में ले जा सकते हैं और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। अमेरिकी राष्ट्रपति की इस टिप्पणी के बारे में पूछे जाने पर राहुल गांधी ने संसद परिसर में संवाददाताओं से कहा, वह सही हैं। प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री के सिवाय हर कोई जानता है कि भारत की अर्थव्यवस्था बर्बाद अर्थव्यवस्था है। मुझे खुशी है कि राष्ट्रपति ट्रंप ने तथ्य सामने रखा है।

# आरोप- सांसदों को रोकने के लिए राज्यसभा में कमांडो बुलाए

## रिजिजू बोले- विपक्ष के कुछ सदस्य आक्रामक हुए, उन्हें वेल में जाने से रोका गया

**हमारी महिला सदस्यों को पुरुषों जवानों ने रोका। जिस तरह से सदन के बाहर से लोगों को बुलाया गया और सांसदों को जबरदस्ती वेल में जाने से रोका गया, यह आपत्तिजनक है। सब कुछ कैमरे में कैद है।**



एजेंसी

नई दिल्ली , संसद के मानसून सत्र का शुक्रवार को 10वां दिन था। बिहार वोटर वेरिफिकेशन मुद्दे पर विपक्ष ने हंगामा किया। कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि राज्यसभा में सदस्यों को रोकने के लिए कमांडो बुलाए गए। यह लोकतंत्र के इतिहास काला दिन है ।कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, आज कमांडो तैनात किए गए। कोई कह रहा है कि यह है, कोई कुछ और कह रहा है। उन जवानों ने सदस्यों को स्टाफ से मिलने से रोका। कांग्रेस के इस आरोप पर केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि मुझे जो जानकारी मिली है। उसके मुताबिक कुछ सदस्य हंगामा करते हुए आक्रामक हो गए थे। सिर्फ उन्हें रोका गया था। उधर कांग्रेस अध्यक्ष और राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश को लेटर लिखा है। खड़गे का लेटर- यह बेहद आपत्तिजनक, हम इसकी निंदा करते हैंमल्लिकार्जुन खड़गे ने राज्यसभा के उपसभापति को भेजे लेटर में लिखा, हम इस बात से हैरान हैं कि जिस तरह से उकरऋ कर्मियों को सदन के वेल में लाया गया, यह बेहद आपत्तिजनक है। हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं। हम उम्मीद करते हैं कि भविष्य में जब सदस्य जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे उठा रहे होंगे

# बांग्लादेश के मैप में भारत के 7 राज्यों का हिस्सा

एजेंसी

नई दिल्ली , बांग्लादेश के विवादित मैप का मुद्दा संसद में भी उठा। भारत के 7 राज्यों पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, बिहार, झारखंड और ओडिशा के कुछ हिस्सों को बांग्लादेश के मैप में दिखाया गया है। इसको लेकर कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने गुरुवार को राज्यसभा में सवाल उठाया। सुरजेवाला ने कहा- सरकार इस मुद्दे पर क्या कर रही है। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने लिखित जवाब में कहा- हम इस मामले पर कड़ी नजर बनाए हुए है। सरकार इस तरह के प्रोपेगेंडा से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। अब जानिए क्या है पूरा मामला विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, विवादित नक्शा 14 अप्रैल, 2025 को ढाका यूनिवर्सिटी में आयोजित एक प्रदर्शनी में लगाया गया था। आरोप है कि ढाका में मौजूद



इस्लामिक ग्रुप 'सल्तनत-ए-बांग्ला' की तरफ से ग्रेटर बांग्लादेश का नक्शा तैयार किया गया है। 'सल्तनत-ए-बांग्ला' को 'तुर्की यूथ फेडरेशन' नाम एक तुर्की का सपोर्ट है। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के चीफ एडवाइजर मोहम्मद यूनुस के आने के बाद तुर्की-बांग्लादेश संबंध मजबूत हुए हैं।

# कानपुर में जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी पटरी से उतरी

एजेंसी

कानपुर , कानपुर में जनसाधारण एक्सप्रेस की 2 बोगी भाऊपुर (पनकी) में पटरी से उतर गई। ट्रेन मुजफ्फरपुर से अहमदाबाद जा रही थी। इंजन से 6वीं और 7वीं जनरल बोगी डिरेल हुई। अचानक ट्रेन को झटका लगने के बाद पीछे की बोगियां एक तरफ टेढ़ी होने लगीं। इसके बाद यात्री ट्रेन से कूदने लगे। चीख-पुकार मच गई। लोग एक-दूसरे की मदद करने के लिए दौड़ते हुए दिखे। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला गया।

**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य - प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400 008

**कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन**

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-23 | 14.08.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | M S S - B C T - N V S - PrKiosk-50-25-1 (Misc-Static - Services Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नवसारी स्टेशन (एनवीएस) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापन के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 14-08-25 14:30:00 |
| 2 | M S S - B C T - C C G - MedStn-73-25-1 (Misc-Static- Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट (सीसीजी) रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 14-08-25 14:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-25 | 14.08.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-VAPI-OH-422-25-1 (Advertising - Out of Home) | 05 वर्षों की अवधि हेतु 120 वर्गफीट एरिया के 6'(चौड़ाई) x 10' (ऊंचाई) के आकार के 02 एलईडी यूनिपोल्स के वापी स्टेशन पर लेवल क्रॉसिंग नं. 80 स्पेशल के पास अधिष्ठापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक अधिकार. | 1826 | 14-08-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 20'x20'(1) =400 वर्गफीट आकार के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिमोन्मुखी, एसएसई (पी.वे)-बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 14-08-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25-2 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु कुल 1600 वर्गफीट एरिया के V-आकृति के 20'x20'(2) आकार के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – नायगांव आरओबी पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 14-08-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-NSP-OH-351-25-I1 (Advertising - Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 600 वर्गफीट के कुल एरिया के नालासोपारा में (बुकिंग कार्यालय के कतार क्षेत्र से संलग्न उत्तर पूर्व परिसंचरण क्षेत्र में 20'x10' आकार के 03 होर्डिंग्स) नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 14-08-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-NDB-OSN-417-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नंदूरबार (एनडीबी) स्टेशन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 14-08-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-MEL-OSN-154-24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मरीन लाइंस (एमईएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 14-08-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे में विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्ट्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 14-08-25 16:30:00 |

**संपर्क विवरण : लैंडलाइन नं.** : 02267644212. **ईमेल आईडी : acmadvtgbct@gmail.com टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 0452

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly

## संक्षेप

### विद्युत उपकेंद्र दियरा में बिजली लाइन सुरक्षा अभियान

**तारों से सटे झाड़ियों की छंटाई शुरू, 3 घंटे बंद रहा मोतिगरपुर फीडर**

सुलतानपुर, मोतिगरपुर में बिजली के तारों से सटे पेड़ों की छंटाई का काम शुरू किया गया। इस कारण मोतिगरपुर फीडर की आपूर्ति लगभग 3 घंटे तक बाधित रही। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शाहपुर लपटा से मोतिगरपुर कस्बे तक लाइन के नीचे उगे पेड़ों और झाड़ियों की कटाई-छंटाई का काम चला। इस दौरान विभाग के जेई विवेक यादव भी मौके पर मौजूद रहे। बिजली विभाग की टीम के काम के दौरान मोतिगरपुर फीडर को बंद कर दिया गया। इससे गौरा, खेमाजितपुर, डड़वाकला, मोतिगरपुर, शाहपुर लपटा, बेलवारी, डींगुरपुर, बनकेगांव, अहदा और खरगपुर जैसे दर्जन भर गांवों की बिजली आपूर्ति प्रभावित हुई। विद्युत उपकेंद्र दियरा के जेई विवेक यादव ने बताया कि मोतिगरपुर फीडर से जुड़ी बिजली लाइन को पेड़ों से सुरक्षित किया गया है। उन्होंने कहा कि पेड़ों की छंटाई कराई गई है और कुछ चुनिंदा पेड़ों की टहनियां काटी गई हैं। ये वे पेड़ थे जो पूर्व में चले अभियान में छूट गए थे। यादव ने बताया कि अभी डींगुरपुर बनकेगाँव से मलिकपुर बखरा के बीच एक-दो स्थानों पर थोड़ा काम बचा है। इसे जल्द पूरा कर सुचारू रूप से बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी। पेड़ों और झाड़ियों की कटाई-छंटाई के काम में प्रवेश कुमार, जय नारायण दूबे, राजू मिश्र, रमेश गुप्ता, रुदल, पंकज यादव, संदीप कुमार और बृजलाल आदि लगे हुए थे।

### भारी बारिश से टूटा रास्ता

**बेलासदा और शंकरपुर के बीच आवागमन में परेशानी, स्कूली बच्चों को जोखिम**

सुलतानपुर, विकास खण्ड भदैया के बेलसदा में एक ही पंचायत के दो गांवों को जोड़ने वाला रास्ता भारी बारिश के कारण बह गया है। बेलासदा और शंकरपुर को जोड़ने वाले इस मार्ग पर अब लोग केवल पैदल ही आवागमन कर पा रहे हैं। इस रास्ते पर स्थित प्राथमिक विद्यालय जाने वाले बच्चे भी जोखिम उठाकर आने-जाने को मजबूर हैं। स्थानीय निवासियों के लिए यह स्थिति काफी कठिनाईपूर्ण बन गई है। ग्रामीणों अजय दुबे, पंकज दुबे, रुद्र दुबे और राहुल ने इस समस्या को लेकर ग्राम प्रधान मुन्ना लाल से शिकायत की है।

### आवारा गौवंशों को समाजसेवियों ने भेजा गौशाला

**सड़क दुर्घटनाओं से बचाव के लिए छुट्टा पशुओं को पदुमरा गौशाला पहुंचाया**

सुलतानपुर, कूरेभार सुल्तानपुर क्षेत्र में समाजसेवियों ने एक सराहनीय पहल की है। क्षेत्र के विभिन्न मार्गों पर घूम रहे आधा दर्जन से अधिक आवारा गौवंशों को गौशाला पहुंचाकर उन्होंने मिसाल पेश की है। रितेश सिंह, संजय सिंह, राजा यादव, बबलू उपाध्याय, आकाश सिंह, सुखराम, अरुण लोहार, गंगा दुबे, रामकरण दुबे, शिवप्रसाद पाल और शमशेर अली की संयुक्त पहल पर इन पशुओं को पदुमरा स्थित गौशाला में भेजा गया।

# फर्जी फूड इंस्पेक्टर पकड़ा गया

## सिविल लाइंस में लोगों से कर रहा था वसूली, दुकानदारों को दे रहा था धमकी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, प्रयागराज के सबसे पॉश इलाके सिविल लाइंस में फर्जी फूड इंस्पेक्टर बनकर रेहड़ी-पटरी दुकानदारों से वसूली कर रहे एक व्यक्ति को सूचना पर पहुंचे आजाद स्ट्रीट वेंडर यूनियन के लोगों ने पकड़ लिया। पहले तो युवक ने खुद को फूड लाइसेंस करने वाला अधिकारी बताया, लेकिन जब कड़ाई से पूछताछ की गई और फूड सेफ्टी के अधिकारियों को बुलाने की धमकी दी गई तो उसने दुकानदारों को पैसा लौटना शुरू कर दिया। सड़क के दुकानदारों से वसूली कर रहा व्यक्ति ने पूछताछ में बताया कि उसका नाम सौरभ है। वह महात्मा गांधी मार्ग पर फूड लाइसेंस के नाम पर वसूली कर रहा था। पूरे मामले की जानकारी देते हुए प्रयागराज आजाद स्ट्रीट वेंडर यूनियन के प्रदेश महामंत्री टाऊन वेंडिग कमेटी सदस्य रवि शंकर द्विवेदी ने बताया कि उनके पास कॉल आयी कि एक व्यक्ति दुकानदारों को हड़काकर उनसे फूड लाइसेंस के नाम पर वसूली कर रहा है। सूचना पर वह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने आरोपी सौरभ से पूछा कि किस विभाग से हो और आदेश दिखाओ। इस पर वह गुमराह करने का प्रयास करने लगा। पुलिस व फूड विभाग को बुलाने के डर से उन सभी दुकानदारों के पैसे तत्काल वापस कर दिया।

रवि शंकर द्विवेदी ने बताया सौरभ नाम के व्यक्ति द्वारा फुटपाथ दुकानदारों से फूड लाइसेंस के नाम पर 650 रुपये 1000 रुपये तक की अवैध वसूली कर रहा । भारत सरकार द्वारा फूड सेक्टी एफएसएसएआई का लाइसेन्स मुफ्त कर दिया। कम जागरुकता के कारण दुकानदार इस प्रकार के गलत लोगों के चंगुल में फंस कर उत्पीड़न का शिकार होते हैं। उन्होंने इसके बाद खाद्य विभाग के उपायुक्त शुशील कुमार सिंह को फोन द्वारा सूचना देने पर फूड इंस्पेक्टर सरोज को भेजा। उन्हें पूरी जानकारी दी।

सरोज ने भरोसा दिलाया कि ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जाएगी। स्थानीय पुलिस में भी यूनियन शिकायत करेगा।

# 10 हजार घरों में घुसा पानी

## प्रतियोगी छात्रों का पलायन शुरू, कई इलाकों में बिजली और इंटरनेट सेवाएं भी ठप

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, गंगा और यमुना नदियों का जलस्तर तेजी से बढ़ गया जिससे कई इलाकों को अपनी चपेट में ले लिया है। इन नदियों का रौद्र रूप देखने को मिल रहा है, जिससे शहर के कई निचले इलाके जलमग्न हो गए हैं। अनुमान के मुताबिक करीब दस हजार से अधिक घरों में बाढ़ का पानी घुस चुका है, जिससे आम जनजीवन पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। सबसे ज्यादा प्रभावित इलाकों में छोटा बघाड़ा, बड़ा बघाड़ा, सलोरी, शुक्ल मार्केट, गोविंदपुर, कैलाशपुरी, राजा पुर जैसे निचले क्षेत्र शामिल हैं। इन इलाकों में पानी इस कदर घुस गया है कि लोगों को घरों से निकलकर राहत शिविरों में शरण लेनी पड़ रही है। जिला प्रशासन द्वारा तात्कालिक राहत के रूप में कई स्कूल और सामुदायिक भवनों को अस्थायी शिविरों में बदला गया है, जहाँ लोगों को भोजन, पीने का पानी और प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। बाढ़ का सबसे ज्यादा प्रभाव उन प्रतियोगी छात्रों पर पड़ा है, जो इन क्षेत्रों में किराए के मकानों में रहकर विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी कर रहे थे। पानी घरों में घुसने के बाद वे अपना सारा सामान छोड़कर शहर के सुरक्षित हिस्सों की ओर पलायन कर रहे हैं। छात्र-छात्राओं ने बताया कि उन्हें अचानक घर छोड़ना पड़ा। प्रतियोगी छात्र अभिषेक मिश्रा सुल्तानपुर निवासी का कहना है की यहां हर साल बाढ़ आती है और हम छात्रों को पलायन करना पड़ता है जिससे 2 महीने की पढाई का नुकसान होती है और बाढ़ के बाद गन्दगी फैल जाती है जिससे हम छात्र बिमारी भी झेलते हैं।

वहीं भदोही के रहने वाले छात्र उमेश पाल का कहना है की हम छात्रों को ही सिर्फ झेलना पड़ता है ,स्टडी का काफी नुकसान होता है ,हम छात्र रोजगार के लिए परेशान हैं यहाँ पे गंदगी फैल रही, अब बाढ़ के बाद डेंगू ,मलेरिया फैलेगा हम बीमार होते हैं और छात्र के बारे में सरकार नहीं सोचती की हम कैसे रहते है।

# नाबालिग ने किया सुसाइड

- पिता दुकान पर थे, लौटे तो कमरे में फांसी पर लटका मिला बेटी का शव

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई है। पूरे जय सिंह का पुरवा वार्ड नंबर 4 में 16 वर्षीय किशोरी अंतिमा कनौजिया का शव फांसी के फंदे से लटका मिला। घटना जब अंतिमा के पिता नंदलाल कनौजिया घर के पास स्थित एक दुकान पर बैठे थे। घर में अंतिमा अकेली थी। जब नंदलाल घर लौटे तो उन्होंने अपनी बेटी को कमरे के अंदर फांसी के फंदे से लटका देखा। हैरान और परेशान नंदलाल ने चिल्लाना शुरू कर दिया। उनकी आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे। लोगों ने शव को उतारकर जिला अस्पताल ले गए जहां डॉक्टरों ने अंतिमा को मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही गौरीगंज पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। गौरीगंज कोतवाली प्रभारी श्याम नारायण पांडेय ने बताया कि जिला अस्पताल के मेमो के आधार पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि किशोरी ने फांसी क्यों लगाई। पड़ोस के रहने वाले अभिषेक कुमार ने बताया कि अंतिमा बहुत अच्छी लड़की थी और उसका किसी से कोई विवाद नहीं था। अभिषेक के अनुसार, घटना के समय घर में कोई मौजूद नहीं था और अंतिमा के पिता पास की दुकान पर गुटखा खाने गए थे। स्थानीय लोगों के अनुसार, अंतिमा का उनके घरों में भी आना-जाना था, लेकिन किसी को नहीं पता कि आखिर उसने यह कदम क्यों उठाया।

# पंजाब नेशनल बैंक में घुसा सांड

## कर्मचारियों ने बाहर निकाला, लोगों ने कहा – पैसे निकालने आया था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




सुलतानपुर, लंभुआ स्थित पंजाब नेशनल बैंक में एक सांड घुस गया। बैंक कर्मचारियों ने उसे देखते ही बाहर निकाल दिया। सौभाग्य से उस समय बैंक में कोई ग्राहक नहीं था और किसी को नुकसान नहीं पहुंचा। घटना लंभुआ कस्बे की है जहां आज पंजाब नेशनल बैंक में अचानक एक सांड प्रवेश कर गया। बैंक कर्मचारियों की सतर्कता से सांड को तुरंत बाहर निकाला गया। इस दौरान बैंक में ग्राहकों की अनुपस्थिति के कारण कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। इस घटना ने आसपास के लोगों में कौतूहल पैदा किया। कई लोग इस दृश्य का वीडियो बनाते हुए दिखाई दिए। स्थानीय लोगों ने मजाकिया अंदाज में कहा कि सांड बैंक से पैसे निकालने आया था। यह घटना प्रशासन और नगर पंचायत लंभुआ के सामने सवाल खड़ा करती है कि क्या वे छुट्टा जानवरों पर नियंत्रण रखने में असमर्थ हैं? क्या नगर पंचायत का पशु पकड़ने वाला दस्ता सक्रिय नहीं है? यदि बैंक में ग्राहक मौजूद होते तो यह घटना गंभीर रूप ले सकती थी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के विभिन्न स्थानों से छुट्टा जानवरों से संबंधित कई वीडियो और खबरें आती रहती हैं।

इस घटना ने एक बार फिर छुट्टा पशुओं के नियंत्रण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला है।

# गुटखा न देने पर युवक की पिटाई

- तीन दिन से थाने का चक्कर काट रहा पीड़ित, एफआईआर दर्ज करने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, रानीपुर करनाईपुर गांव में गुटखा न देने पर एक युवक की पिटाई का मामला सामने आया है। पीड़ित राममिलन ने बताया कि वह रानीपुर बाजार के पास से घर लौट रहा था। इसी दौरान गांव के तीन युवकों ने उसे रोककर गुटखा मांगा। जब राममिलन ने गुटखा देने से इंकार किया तो आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से उसकी पिटाई कर दी। शोर सुनकर बचाव करने पहुंचे राम बहादुर कोरी को भी मारपीट का शिकार बनाया गया। इस हमले में दोनों को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित का आरोप है कि वह पिछले तीन दिनों से संग्रामपुर थाने के चक्कर लगा रहा है। लेकिन पुलिस न तो उसका मेडिकल परीक्षण करा रही है और न ही मुकदमा दर्ज कर रही है। हताश होकर शुक्रवार को राममिलन ने एसपी अमेठी को शिकायती पत्र सौंपा है। उसने मेडिकल परीक्षण कराने और नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। इस मामले में संग्रामपुर थाने के इंस्पेक्टर बृजेश कुमार सिंह का कहना है कि जांच में पाया गया कि सभी लोग नशे में थे और आपस में गाली-गलौज और विवाद किया था।

# सीएचसी में हुई डाटा वैलिडेशन समिति की बैठक

## अधीक्षक की अध्यक्षता में एएनसी, प्रसव और टीकाकरण समेत कई रिपोर्ट्स की हुई समीक्षा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, संग्रामपुर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पर डाटा वैलिडेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सीएचसी अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने की। बैठक में समिति के कई सदस्य मौजूद रहे। इनमें डॉ. धीरेंद्र प्रताप, डॉ. यशवंत राव, विक्रम और शंभूनाथ पांडे (बीपीएम) शामिल थे। तीर्थराज यादव (बीसीपीएम), स्टाफ नर्स रेखा और निधि सिंह भी उपस्थित रहीं। फार्मासिस्ट आनंद गुप्ता, बृजेंद्र यादव और लैब टेक्नीशियन मुकेश यादव, वीरेंद्र वर्मा ने भी बैठक में हिस्सा लिया। आरबीएसके टीम से डॉ. आरिफ इकबाल और डाटा एंट्री ऑपरेटर शालिनी तिवारी भी मौजूद रहीं। बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित रिपोर्ट्स की समीक्षा की गई। एएनसी, प्रसव और नवजात बच्चों का विवरण देखा गया। एनीमिया मुक्त भारत अभियान और पीएनसी जांच रिपोर्ट पर चर्चा हुई। एसटीआई/आरटीआई केस रिपोर्ट और परिवार नियोजन की प्रगति का आकलन किया गया। नियमित टीकाकरण रिपोर्ट और राष्ट्रीय कार्यक्रम रिपोर्ट की भी समीक्षा की गई। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम रिपोर्ट, लैब जांच रिपोर्ट और माता-शिशु मृत्यु दर रिपोर्ट पर भी विचार-विमर्श हुआ। एचएमआईएस पोर्टल पर इन डाटा में पाई गई त्रुटियों को चिह्नित किया गया। समिति ने इन त्रुटियों को सुधारने के लिए आवश्यक कार्यवाही करने का निर्णय लिया। सभी सदस्यों ने डाटा की सटीकता सुनिश्चित करने के लिए सुधारात्मक उपायों पर सहमति जताई।

# चूरन समझकर बच्चों ने खाई जहरीली दवा

## 8 की हालत बिगड़ी, कमरे में ही उल्टी और बेहोश होकर गिरे ; ग्रामीणों का हंगामा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, आंगनबाड़ी केंद्र में चूरन समझकर जहरीला पदार्थ खाने से 8 बच्चों की तबीयत बिगड़ गई। सभी को उल्टी-दस्त शुरू हो गई। सिर में दर्द की शिकायत पर सभी को सीएचसी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जेएन मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। मामला अतरौली क्षेत्र के नरौना आकापुर की है। आकापुर नरौना के आंगनबाड़ी केंद्र में शुक्रवार को रोज की तरह बच्चे आए थे। दोपहर का भोजन मिलने से पहले सभी बच्चे आंगनबाड़ी केंद्र में पढ़ाई कर रहे थे। थोड़ी देर बाद कमरे से बदबू आने लगी। इसके बाद मौके पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता चंद्रवती, महेंद्र कौर और योगेश पहुंचे। देखा बच्चे उल्टी कर रहे थे। कुछ बच्चों ने बताया कि उनके सिर में दर्द हो रहा है। उन्होंने बच्चों से पूछा कि क्या किसी ने कुछ खाया है? तभी एक बच्ची ने डरते हुए एक पाउच फेंका। जब आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उसे उठाकर देखा तो वह गेहूं को घुन से बचाने वाली जहरीली दवा का पाउच था। लड़की बताया कि उसने यह पाउच घर की अलमारी से यह सोचकर लिया था कि यह कोई चूरन है। उसने इसे खुद भी खाया और अपने दोस्तों को भी दिया। इसे सभी 8 बच्चों ने चूरन समझकर खा लिया। इस खाने से रोशनी (3) और उसकी बहन राधिका (4), सुमन (5) और उसका भाई यश (4), नेहा (5), और उसकी बहन काव्या (4), मुस्कान (4), निखिल (5) की तबीयत बिगड़ गई है। सूचना पर ग्रामीण पहुंचे और हंगामा शुरू कर दिया। फिर किसी ग्रामीण ने पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी। वहीं स्कूल स्टाफ और ग्रामीणों की मदद से बच्चों को बाइकों से तुरंत अतरौली के सरकारी अस्पताल पहुंचाया। सीएचसी के इमरजेंसी में तैनात डॉ. अमरेंद्र यादव ने बताया- नरौना के 8 बच्चे अस्पताल आए थे। इन्हें प्राथमिक उपचार दिया गया।

# घरेलू विवाद ने निगल ली जिंदगियां

## पति ने पत्नी को गोली मारकर खुद दी जान, चीख सुनकर पहुंचा बेटा; खून से लथपथ मिली मां

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, सुरीर थाना क्षेत्र के टेंटीगांव में घरेलू विवाद म्ं दो लोगों की जान चली गई। सौदान सिंह ने अपनी पत्नी राजकुमारी को देसी तमंचे से गोली मार दी। इसके बाद उन्होंने खुद गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सौदान की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल राजकुमारी को मथुरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने ऑपरेशन कर उनकी जान बचाने का प्रयास किया, लेकिन उनकी भी मौत हो गई। चीख सुनकर घर पहुंचा बेटा घटना के समय दंपति का सबसे छोटा बेटा मौसम दुकान के सामने था। अंदर से गोली और चीख की आवाज सुनकर वह दौड़कर घर पहुंचा। उसने अपनी मां को खून से लथपथ देखा। वह उन्हें उठाने ही जा रहा था कि तभी दोबारा गोली चलने की आवाज आई। सौदान ने अपनी कनपटी पर तमंचा रखकर जान दे दी। लंबे समय से विवाद चल रहा था मृतक सौदान सिंह के भाई मणिशंकर ने बताया कि घर में लंबे समय से विवाद चल रहा था। सौदान के तीन बेटे मोहित (25), रमन (18) और मौसम है। बड़ा बेटा मोहित नोएडा की एक मोबाइल कंपनी में नौकरी करता है। फरवरी में उसकी शादी हुई थी और वह अपनी पत्नी के साथ नोएडा में रह रहा था। दूसरा बेटा रमन भी हाल ही में नोएडा चला गया था।

# कावड़ियों की बस का टायर फटा

## अयोध्या जा रहे 65 श्रद्धालुओं में से दो महिलाएं घायल, एक को मेडिकल कॉलेज रेफर किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, एक बड़ा हादसा होने से बच गया। देवघर से जलाभिषेक कर अयोध्या जा रहे कांवड़ियों की बस का अचानक टायर फट गया। घटना कूरेभार ब्लॉक गेट के पास अयोध्या-प्रयागराज हाईवे पर हुई। टायर फटने की तेज आवाज से बस में सवार सभी लोग सहम गए। बस में कुल 65 श्रद्धालु सवार थे। हादसे में बस में सवार दो महिला यात्री घायल हुईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल मालती देवी को मेडिकल कॉलेज सुल्तानपुर रेफर कर दिया गया। घायल महिलाओं की पहचान मालती देवी और गौरी के रूप में हुई है। दोनों ग्राम भीमपुर, थाना देवरिया जनपद की रहने वाली हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार अगर टायर फटने के समय बस अनियंत्रित हो जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था।

# महिला की गला काटकर हत्या

## 24 घंटे से थी लापता, संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव; पुलिस और फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, उत्तर प्रदेश के अमेठी के जामों थाना क्षेत्र के पूरबगौरा फत्ते का पुरवा में महिला की गला काटकर हत्या कर दी गई। महिला इलाइची (50) पत्नी महंगू मंगता गुरुवार से लापता थी और घर से 500 मीटर दूर खेत में उसका खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। वह कल देर शाम से ही घर नहीं लौटी थी। परिजनों ने काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चल पाया था। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और फोरेंसिक टीम के साथ जांच में जुट गई है। वहीं घटना स्थल पर जांच करने एसपी अमेठी अपर्णा रजत कौशिक भी पहुंची हैं। मौके का निरीक्षण कर जल्द आगे की कार्रवाई की जाएगी। पीड़ित परिजनों के अनुसार, महिला कल घर से बाजार के लिए निकली थी। जब वह देर शाम तक वापस नहीं लौटी, तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। महिला का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर से 500 मीटर दूर खेत में खून से लथपथ मिला। जांच में पता चला कि महिला के गले पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या की गई है। वहीं महिला के शव से 100 मीटर दूर ही उसके चप्पल मिले है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।


स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० – A–544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक – अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय– 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक– डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता– आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक– माता प्रसाद शर्मा, फिल्म– संपादक–जगन्नाथ तिवारी